# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 265 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


## मां महामाया हवाई अड्डे से 20 अक्टूबर को उड़ान भरेगा विमान, बनारस से पीएम करेंगे ऑनलाइन शुभारंभ


**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट से 20 अक्टूबर से हवाई जहाज उड़ने लगेगा। इसकी सरगुजा संभाग के लोगों को लंबे समय से प्रतीक्षा थी। इसकी अधिकारिक घोषणा एयरपोर्ट अथारिटी के द्वारा कर दी गई है। इसका वर्चुअल शुभारंभ बनारस से प्रधानमंत्री करेंगे।

सरगुजा वासियों को हवाई यात्रा का लंबे समय से इंतजार रहा। इसी क्रम में मां महामाया एयरपोर्ट के जिम्मेदारों को उच्च कार्यालय से मेल के माध्यम से 20 अक्टूबर को महामाया हवाई अड्डे के शुभारंभ की जानकारी दी गई है। शुभारंभ कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बनारस से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होकर विमान सेवा का ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे। यहां से हवाई जहाज कहां तक उड़ान भरेगा और 19 सीटर या 72 सीटर विमान से हवाई अड्डे की शुरूआत होगी, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है। पूर्व में बनी योजना के तहत 19 सीटर प्लेन अंबिकापुर से बिलासपुर तक व 72 सीटर विमान अंबिकापुर से रायपुर, बनारस तक चलाने के संकेत मिल रहे थे। एयरपोर्ट अथारिटी को मेल से मिले संदेश के बाद अग्रिम तैयारियों को मूर्तरूप दिया जा रहा है। बता दें कि इसके पहले एयरपोर्ट के लोकार्पण के लिए शिलालेख प्राप्त होने की बातें भी सामने आई थी, लेकिन तिथि को लेकर अटकलों की स्थिति बनी हुई थी।




### संदेश में किया गया उल्लेख

मेल से भेजे गए संदेश में उल्लेख किया गया है कि पिछले मेल के क्रम में आपको सूचित किया जाता है कि 20 अक्टूबर 2024 को वाराणसी हवाई अड्डे पर लगभग 3 बजे भौतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंबिकापुर हवाई अड्डे को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जोड़ा जाएगा। वीडियो वॉल का आकार 16:9 पहले अनुपात में होना चाहिए। अंबिकापुर हवाई अड्डे पर कोई भी स्थानीय कार्यक्रम 2.50 बजे तक हो जाना चाहिए। इसके साथ ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय को आगे भेजने के लिए महत्वपूर्ण विवरण मुख्यालय द्वारा मांगे गए हैं।



Sir,

In continuation of trailing mail it is to inform you that physical program will be held on 20th Oct 2024 around 1500 hrs at Varanasi airport. Ambikapur airport shall be connected through video conference. Size of the video wall must in 16:9 aspect ratio. Any local program at Ambikapur airport should be completed latest by 1450 hrs. Following details are urgently sought by our headquarters for onward submission to Ministry of Civil Aviation. Details may please be provided latest by 1500 hrs on 15th Oct i.e. tomorrow in following format:

## पुलिस अधीक्षक संजय नाथ तिवारी और नवल दुबे को स्टार लगाकर दी पदोन्नति

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेश के परिपालन में जिले में पदस्थ 02 सहायक उप निरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया। पुलिस अधीक्षक ने इन्हें पदोन्नति पश्चात अग्रिम कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित स्टार सेरेमनी के दौरान जिले में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक संजय नाथ तिवारी एवं नवल दुबे को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इन्हें विभाग द्वारा प्रदान किए गए नए दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने कहा,



साथ ही विभागीय कार्यों में गतिशीलता लाकर तत्परता के साथ काम करने के निर्देश दिए। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पदोन्नत उप निरीक्षक अग्रिम आदेश तक सरगुजा जिले में ही अपनी सेवाएं जारी रखेंगे। स्टार सेरेमनी के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय अमोलक सिंह ढिल्लो व अमित पटेल, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, उप निरीक्षक (एम) अभय सिंह, पदोन्नत उप निरीक्षकों के स्वजन सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाला झारखंड सरहद में पकड़ाया, शहर छावनी बना





### बलरामपुर के साथ साइबर टीम रखी थी नजर, आरोपित को सुरक्षा घेरे में लाया सूरजपुर



**छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर।** जिला मुख्यालय में रविवार की रात एक आरक्षक पर खौलता तेल डालने के पश्चात दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम देने के संदिग्ध आरोपी की बलरामपुर से गिरफ्तारी के बाद सूरजपुर लाए जाने की खबर मिलते ही शहर के आक्रोशित लोगों की भीड़ कोतवाली के सामने एकत्र हो गई है। जुटी भीड़ व उनके गुस्से को देखते हुए भीड़ को नियंत्रण करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती कोतवाली के आसपास की गई है।

बता दें कि रविवार की रात चौपाटी में पुलिस पर खौलता तेल डालने के बाद प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की नृशंस हत्या के आरोपी कुलदीप साहू को बलरामपुर पुलिस अधीक्षक व साइबर की टीम ने झारखंड सरहद पर हिरासत में लिया।

### भीड़ देखकर आईजी व एसपी ने संभाली कमान

आरोपित कुलदीप साहू को सूरजपुर लेकर आने की खबर मिलने के बाद पूरा शहर एक बार फिर कोतवाली थाना तक उमड़ गया। ऐसे में आईजी अंकित गर्ग ने खुद से कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली है वहीं पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे भी कोतवाली में मौजूद हैं। शहर की कानून व्यवस्था ना बिगड़े इसके लिए आईजी ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में आए पुलिस बल के साथ सिलफिली बटालियन, मैनपाठ पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, अंबिकापुर व जिले के पुलिस लाइन, विभिन्न थानों सहित रेंज भर से बल को बुलाया है। इन्हें कोतवाली सहित शहर के विभिन्न स्थलों पर स्थिति को नियंत्रण करने के लिए तैनात किया गया है। पुलिस एक बार भीड़ को तितर-बितर करके थाना परिसर सहित पूरे क्षेत्र को किलाबंदी में तब्दील कर दी है। सड़क मार्ग को दो ओर से डायवर्ट कर दिया गया है। पुलिस की निगाह ऐसी है कि सुरक्षा में सेंध की स्थिति न बनने पाए। ऐसे में अब लोग दूर से ही पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था का नजारा देख रहे हैं।

इसके बाद वहां मौजूद सूरजपुर जिले की पुलिस ने आरोपी को अपने कस्टडी में ले लिया है। आरोपी कुलदीप साहू उस वक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जब वह बस में सवार होकर अंबिकापुर की ओर आ रहा था। बहरहाल आरोपी को सूरजपुर लाने के बाद एक बार फिर पूरे शहरवासियों के उमड़ने का परिदृश्य सामने आया है। पुलिस आक्रोशित भीड़ से बार-बार शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए इन्हें इधर-उधर करने के प्रयास में सफल हुई है।

## दुष्कर्म का जिस पर लगा आरोप, वह फांसी लगाकर किया खुदकुशी

### मामला नशीला पेय पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म व मारपीट के आरोप से जुड़ा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग में कानून व्यवस्था की दिनोंदिन बिगड़ती स्थिति के बीच कक्षा 12वीं की एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म व मारपीट से सनसनी फैल गई। घटना को अंजाम देने वाला एक नाबालिग सहपाठी बताया जा रहा है, जो फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। इसके पहले युवती के बताए अनुसार घटना थाना क्षेत्र की पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मारपीट का केस दर्ज किया था। बाद में गैंगरेप का हौव्वा फैल गया। हालांकि चिकित्सक के मुलाहिजा रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है, लेकिन सामूहिक दुष्कर्म नहीं होना बताया गया है। छात्रा की स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एसआईसीयू में रखा गया है।

स्वजन के मुताबिक सूरजपुर जिले के प्रेमनगर थाना क्षेत्र की कक्षा 12वीं की छात्रा, 12 अक्टूबर को दशहरा पर्व पर होने वाले कार्यक्रम को देखने अन्य लोगों के साथ गई थी। कार्यक्रम को देखने के बाद वे नाश्ता किए। इस दौरान पूर्व में साथ में पढ़े लड़के से उसकी मुलाकात हुई। इस बीच लड़की को पानी प्यास लगी, तो सहपाठी उसके लिए पानी लेने चले गया। पानी पीने के बाद तबियत ठीक नहीं लगने पर वह घर निकलने को हुई तो उसने मोटरसाइकिल से गांव तक छोड़ देने कहा। कथित तौर पर एक मोटरसाइकिल में तीन लड़कों के साथ वह जाने के लिए राजी नहीं हुई। कुछ देर बाद जब वह उठी तो वह चलने-फिरने की स्थिति में नहीं थी। ऐसे में सहपाठी उसे मोटरसाइकिल में गांव की ओर ले गया था। गांव आने तक पानी में कथित रूप से मिलाए गए नशीली चीज के कारण वह बेसुध हो गई थी। स्वजन का आरोप है कि गांव तक आने के बाद लड़के उसे जंगल ले गए और सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिए। दुष्कर्म के बाद लड़की से मारपीट किया गया, जिससे उसका दांत बैठ गया और वह अचेत हो गई थी। इसके बाद लड़के उसे मरा समझकर मौके से निकल लिए थे। होश आने के बाद भी उसकी स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह घर पहुंच सके। इधर लड़की के घर नहीं पहुंचने से परेशान स्वजन उसकी सखी, सहेलियों के घर तक जाकर पूछताछ कर रहे थे। स्वजन का कहना है कि बस्ती में खोजबीन के दौरान गाड़ियों के आने-जाने की आवाज सुनकर पीड़िता किसी तरह सड़क तक आई और घटना के बारे में बताई।

#### घटना दिनांक के बाद घर नहीं गया था सहपाठी

बताया जा रहा है कि घटना दिनांक 12 अक्टूबर को दशहरा देखने के लिए निकला छात्रा का सहपाठी अपने घर नहीं पहुंचा था। 15 अक्टूबर को सरपंच रामलखन के माध्यम से पुलिस को पता चला कि एक युवक का शव केशवपुर पंडरिया के पास फांसी पर लटका है। इसकी पहचान दुष्कर्म के आरोपित के रूप में हुई है। मृतक के पिता ने संभावना व्यक्त की है कि मारपीट में लड़की के बेहोश होने के डर से वह खुदकुशी जैसा कदम उठाया होगा। बहरहाल मामले की जांच पुलिस कर रही है।

#### कांग्रेस की टीम करेगी मामले की जांच

प्रदेश के प्रथम उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को देर रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पीड़ित युवती और स्वजनों से मिला। पीड़िता ने इन्हें बताया कि आरोपी उसके साथ ही स्कूल में पढ़ता था, उसी ने दवा बताकर कुछ खाने को दिया। अर्ध बेहोशी की स्थिति में वह साथियों ने दुष्कर्म किया और खूब मारा पीटा। होश आने पर वह सड़क किनारे पड़ी थी। कांग्रेस की टीम और स्वजन उपचार की व्यवस्था से असंतुष्ट रही। कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल अस्पताल पहुंचा, इसके बाद उसे स्ट्रेचर से बेड पर लिटाकर उपचार शुरू किया गया, इससे पहले वह करीब दो घण्टे स्ट्रेचर में ही पड़ी थी। युवती के आंख, हाथ, सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगी है।

### कांग्रेस ने कहा-पूर्व उपमुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर लिखी गई रिपोर्ट



कांग्रेस का आरोप है कि सूरजपुर जिले में युवती को नशीली दवाई खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म के बाद बेहोशी की हालत में सड़क किनारे फेंक देने की अमानुषिक घटना सामने आई, इसके बाद से पीड़ित और स्वजन रिपोर्ट लिखाने भटकते रहे। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के हस्तक्षेप पर वारदात के 48 घण्टे बाद पीड़िता की रिपोर्ट लिखी गई और उपचार शुरू हुआ। पुलिस ने प्रतापपुर में मुख्यमंत्री के आने और अधिकारियों की व्यस्तता को कारण बताकर रिपोर्ट दर्ज करने से साफ मना कर दिया। बिना एमएलसी के कोई चिकित्सक पीड़िता का उपचार करने के लिए तैयार नहीं था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अस्पताल के स्टाफ ने भी थाने को सूचित किया मगर रिपोर्ट नहीं लिखी गई। प्रेमनगर के पूर्व विधायक खेलसाय सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव को समूचे घटनाक्रम से अवगत कराया। उन्होंने आईजी अंकित गर्ग से बात करके तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने और एमएलसी कराने कहा जिससे पीड़िता को बेहतर उपचार मिल सके। सिंहदेव ने पुलिस के गैर जिम्मेदार और अमानवीय रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है।

## प्रसूता ने मृत बच्चे को दिया जन्म, स्वजन ने लापरवाही का लगाया आरोप

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में भर्ती एक गर्भवती महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। स्वजनों का कहना है कि जब वे महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, तो नार्मल डिलीवरी कराने की बात कहते हुए विलम्ब किया गया और बच्चे को स्वस्थ्य बताया था। दो दिन बाद चिकित्सकों ने सर्जरी के बाद मृत बच्चे को थमा दिया। ऐसे में उन्होंने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है और कुछ चिकित्सकों व नर्सों के अव्यवहारिक बर्ताव को लेकर नाराजगी जाहिर की है।

जानकारी के मुताबिक गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़नीझरिया की सुचिता पति देवाशीष 27 वर्ष को बीते रविवार को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर स्वजन पहुंचे थे। यहां भर्ती कराने के बाद चिकित्सक ने जांच के बाद गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वस्थ्य होने की जानकारी दी थी। इनके द्वारा सामान्य प्रसव के लिए इंतजार करने कहा गया। प्रसूता को हो रही पीड़ा को देखते हुए जब उन्होंने प्रसव कराने का आग्रह किया तो चिकित्सक और नर्स उन्हें खरी-खोटी सुनाने लगे। सोमवार को दोपहर 12 बजे ऑपरेशन करने के लिए कहा गया। इसके बाद स्वजन ऑपरेशन के लिए राह देखते रह गए। मंगलवार को सुबह 5 बजे चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन किया और बच्चे के मृत जन्म लेने की जानकारी दी। इसके बाद स्वजन आक्रोशित हो गए। इनके द्वारा मृत बच्चे को लेने से इंकार किया जा रहा था। मृतका के पति सहित अन्य का कहना था कि इलाज में लापरवाही के कारण बच्चे की मौत हुई है। दो दिन पहले जब वे गर्भवती महिला को लाकर अस्पताल में भर्ती कराए थे, तो उन्हें जच्चा-बच्चा के पूरी तरह स्वस्थ होने की जानकारी दी गई थी। दो दिन के अंतराल में बच्चे के मृत जन्म लेने को उन्होंने सवालों के घेरे में लिया है।

## प्रतिबंधित इंजेक्शन की तस्करी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

### पूर्व में पुलिस ने कार सवार तस्कर से 10 लाख का इंजेक्शन बरामद किया था

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन की तस्करी के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम पूर्व में मामले में 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

जानकारी के मुताबिक थाना गांधीनगर पुलिस टीम ने पूर्व में 17 जून को चठिरमा रोड में वाहनों की जांच के दौरान लटोरी की ओर से आ रही सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक जेएच 01 डीसी 3645 के चालक पंकज धर दुबे पिता विनोद धर दुबे 28 वर्ष निवासी अचला नवाडीह, थाना गढ़वा झारखण्ड के कब्जे से 3000 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया था, जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये थी। पूछताछ में आरोपी ने संतोष कुमार महतो 49 वर्ष निवासी रजडेरवा डाल्टेनगंज जिला पलामु झारखण्ड ने ज्योति मेडिकल दुकान चंदवा लातेहार एवं पंकज कुमार सिंह 42 वर्ष निवासी ग्राम बेनी माली औरंगाबाद बिहार हाल-मुकाम नबीनगर औरंगाबाद बिहार के भारत मेडिकल नबीनगर से नशे का इंजेक्शन व दवा लाकर अंबिकापुर में खपाने की जानकारी दी थी। पुलिस टीम ने आरोपी संतोष कुमार महतो एवं पंकज कुमार सिंह को पूर्व मे गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था। अग्रिम जांच दौरान स्थानीय स्तर पर नशीले इंजेक्शन की बिक्री करने के मामले में मो. गुरफान सिद्दीकी की संलिप्तता सामने आई थी। पुलिस टीम ने मो. गुरफान सिद्दीकी 45 वर्ष निवासी इमलीपारा अंबिकापुर को हिरासत में लिया और पूछताछ की तो उसने पंकजधर दुबे से प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन



प्राप्त कर स्थानीय स्तर पर बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपी नशे का इंजेक्शन प्राप्त करने के लिए पंकज धर दुबे के बैंक खाता में रुपये ट्रांसफर करता था। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किया है। आरोपी को धारा 22 (सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज करके न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, उपनिरीक्षक रश्मि सिंह, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, अतुल सिंह, साइबर सेल से आरक्षक रमेश राजवाड़े, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।

## इलाज दौरान महिला की मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बतौली थाना क्षेत्र की एक महिला की इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। चिकित्सक के द्वारा संदेह व्यक्त करने पर पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक बतौली थाना क्षेत्र के जूनापारा की अंजू किण्डो पति स्व. श्यामानन्द किण्डो 28 वर्ष को उल्टी के साथ पेट में जलन हो रहा था। इसकी जानकारी वह अपने ससुर सुरेश किण्डो सहित अन्य लोगों को दी। बढ़ती तकलीफ को देखकर स्वजन उसे निजी वाहन से शांतिपारा बतौली स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। यहां से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर उसे 13 अक्टूबर को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में ले गए। स्थिति में सुधार नहीं होते देख महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। आपातकालीन चिकित्सा परिसर में उपचार के दौरान रात 9.30 बजे चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

## जयनगर रेलवे फाटक के समीप ट्रैक पर युवक का मिला शव

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** घर से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने की बात कहकर साथियों के साथ निकले युवक का शव आज रेलवे ट्रैक पर जयनगर रेलवे फाटक के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरता निवासी 38 वर्षीय रामकिशुन पिता दूलू राम बिन्झिया सोमवार की शाम घर से अपने बड़े भाई की मोटरसाइकिल को लेकर केनापारा तेलईकछार में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने की बात कहकर अपने दो अन्य साथियों के साथ निकला था।मंगलवार की सुबह युवक का शव जयनगर रेलवे फाटक के समीप दर्रीपारा-वरपारा में रेलवे पोल क्रमांक 1026/4-5 के मध्य रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में औंधे मुंह पड़ा हुआ पाया गया है। युवक की बाइक की चाबी, मोबाइल, कपड़ रेलवे ट्रैक पर ही बरामद किया गया है लेकिन मोटरसाइकिल बरामद नहीं हो सका है। घटना उपरांत युवक के साथियों का भी कोई खबर नहीं मिल सका है। मामले सूचना मिलते ही जयनगर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव पंचनामा पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि भोर में करीब तीन बजे अंबिकापुर की ओर से करंजी की ओर जाने वाले रेलवे मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। घटना उपरांत सूचना मिलते ही आरपीएफ जवान गणेश यादव भी मौके पर उपस्थित रहा। मामले में अब मृतक की बाइक बरामद होने व उसके साथियों की शिनाख्त होने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि मृतक कार्यक्रम स्थल से करीब दो किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर किस वजह से पहुंचा था।

### स्टेट बैंक रामानुजगंज एवं बिहान के संयुक्त तत्वाधान में

# ग्राम चिनिया में किया गया वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन





**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामानुजगंज एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के सयुंक्त तत्वाधान में विकासखण्ड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत चिनिया में स्टेट बैंक रामानुजगंज के सेवा क्षेत्र में आने वाले ग्रामों चिनियां, शिवपुर, छत्तरपुर, इन्द्रपुर, कमलपुर, चाकी एवं लावा महिलाएं जो बिहान से जुड़ी हुई है। उनके बीच वितिय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्टेट बैंक रामानुजगंज के शाखा प्रबंधक श्री दिलीप कुमार झा द्वारा एनआरएलएम बिहान के प्रकरणों का एक सप्ताह के समय-सीमा के शत-प्रतिशत स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही वित्तीय साक्षरता शिविर के तहत् नये समूहों का तत्काल खाता खोलने, व्यक्तिगत खाता खोलने हेतु जीरो बैलेंस पर खाता खोलने (अनिवार्य है) कहा गया। साथ ही उन्होंने सदस्यों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना/प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् बीमा करते हुये सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु विशेष पहल तथा साइबर क्राइम से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने उपस्थित बिहान की की महिला सदस्यों से कहा कि किसी अनजान व्यक्ति को अपना खाता व आधार नंबर नहीं दें। साथ ही किसी प्रकार के ओटीपी नंबर किसी अनजान व्यक्ति को ना देने की सलाह दी गई। साथ ही उन्होंने बैंक लिंकेज के आलावा जो व्यक्ति अपना खुद का कोई व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो इसे मुद्रा लोन के तहत् 01 लाख तक लोन देने की बात कही गयी। आज के वितिय साक्षरता शिविर में स्टेट बैंक रामानुजगंज के शाखा प्रबंधक श्री दिलीप कुमार झा, फिल्ड आफिसर श्री रामाकांत दुबे एवं सपोर्टिंग स्टाफ सुनील गुप्ता एवं एनआरएलएम बिहान रामचंद्रपुर से बीपीएम, क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी एवं एफएल सीआरपी व अन्य कैडर उपस्थित थे।

## घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** बीएसयूपी कालोनी सोनडोंगरी के ब्लॉक 23 में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी घनश्याम यादव 34 वर्ष ब्लॉक 23 बीएसयूपी कालोनी सोनडोंगरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 2592 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## *भारी वाहनों के परिवहन कार्य से कच्ची सड़क की स्थिति दयनीय*

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** रामनगर-सरस्वतीपुर-सूरजपुर मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों पर रोक लगाने व सड़क के मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर आज भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है बिना परमिट वाले दर्जन भर से अधिक भारी वाहन शार्टकट व टोल से पैसा बचाने के चक्कर में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क से आवागमन कर रहे हैं, जिससे सड़कों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। सड़क की बदहाली से राहगीर आएदिन छोटी बड़ी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सड़क की स्थिति इतनी ज्यादा दयनीय हो गई है कि बारिश में आमजन को यहां पर पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा नाराजगी जताते हुए आंदोलन की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि 17 से 25 अक्टूबर तक ग्राम रामनगर में श्रीमद भागवत कथा भी शुरू होने वाला है, जिसमें लोगों की भीड़ होगी। सड़कों पर यातायात



दबाव काफी बढ़ जाएगा। ऐसी स्थिति में अवैध रूप से उक्त मार्ग पर आवागमन करने वाले भारी वाहनों की वजह से अप्रिय घटना घटित होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसी स्थिति में मामले की गंभीरता को देखते हुए भारी वाहनों के उक्त ग्रामीण मार्ग से आवागमन पर तत्काल रोक लगाते हुए सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है।

## क्वार्टर में अवैध कब्जे को खाली कराकर किया गया सुपुर्द

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कंपनी आवास को विधि विरुद्ध तरीके से लंबे समय से ताला बंदकर अपने कब्जे में रखने वाले केरता सहकारी शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक वित्त नीलांबर वर्मन से क्वार्टर को हैंड ओवर लेकर प्रबंधन ने एलाट किए गए कोल कर्मी के सुपुर्द करा दिया गया है। क्वार्टर को कब्जा खाली कराए जाने प्रबंधन द्वारा पिछले दिनों केरता सहकारी शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक वित्त नीलांबर वर्मन नोटिस भेजा गया था। गौरतलब है कि प्रतापपुर केरता स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक वित्त नीलांबर बर्मन एसईसीएल बिश्रामपुर के वनसी कॉलोनी के 94 नंबर क्वार्टर को लंबे समय से अवैध रूप से कब्जा करके उसमे ताला बंद कर रखा था। इधर कंपनी में तबादला के बाद दूसरे क्षेत्र से आए अधिकारियों को कंपनी आवास



उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने पिछले दिनों नीलांबर बर्मन के नाम दूसरी व अंतिम नोटिस जारी कर उल्लेख किया था कि पूर्व में भी पत्र के माध्यम से सात दिनों के भीतर आवास खाली करने निर्देशित कर क्वार्टर में ताला बंद की स्थिति में क्वार्टर के बाहर नोटिस चस्पा किया गया था। बावजूद इसके क्वार्टर खाली नहीं किया गया। अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सात दिनों का समय दिया गया था। क्वार्टर को खाली कर प्रबंधन को सौपने निर्धारित समयावधी में क्वार्टर खाली नहीं करने पर आवास को बल पूर्वक खाली कराकर सामानों का पंचनामा तैयार कर सामान जब्त किए जाने की बात प्रबंधन द्वारा कही गई थी। इस बीच मंगलवार को केरता सहकारी शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक वित्त नीलांबर वर्मन द्वारा एसईसीएल प्रबंधन द्वारा हैंड ओवर लेकर एलाटेड आमगांव ओसीएम में क्लर्क जितेंद्र के सुपुर्द करा दिया गया है।

## जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजपुर में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अन्तर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत (ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक) विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 35 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य छात्र-छात्राओं में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत के प्रति सम्मान, प्रेम, जागरूकता एवं उसके संस्कृति/परम्परा की जानकारी उपलब्ध करा कर अगली पीढ़ी को अपने समाज के प्रति आदर-भाव जागृत करना है। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रमुख श्रीमती



नीरा वर्मा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला स्तरीय संयोजक श्री दिनेश कुमार एवं सह-संयोजक श्री इस्माइल लकड़ा के साथ श्री अमीर हसन अंसारी, श्री कृष्ण कुमार महिलाने, श्री साकेत कुमार यादव, सुश्री आरती देवागन, श्री नवलाल राम आदि ने अहम भूमिका निभाई। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को आगामी दिनों में प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

## असंगठित कामगार कांग्रेस की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**



**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन अभिषेक बोरकर के निर्देश पर संगठन के सूरजपुर जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा ने जिला एवं ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमे दो उपाध्यक्ष, एक महासचिव सहित छह लोगों को जिला सचिव बनाया गया है।

नवीन कार्यकारिणी में रियाज अहमद खान व हीरालाल राजवाड़े को जिला उपाध्यक्ष की जवाबदारी सौंपी गई है, जबकि निर्मल साहू को जिला महासचिव, अमरदीप कुमार, रतनलाल साहू, तरुण प्रधान, सर्वजीत गुप्ता, अब्दुल रशीद, गोपाल विश्वास को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। राम भरोश टेकाम को जिला प्रवक्ता किशन विश्वास को लटोरी का ब्लॉक उपाध्यक्ष, आकाश मंडल को लटोरी का ब्लॉक सचिव नियुक्त किया है।

ब्लॉक कार्यकारिणी में आशीष सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष सूरजपुर, बीर सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमनगर, दिव्या देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष रामानुजनगर, विदेश देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष सलका, रविशंकर गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष ओड़गी, सुनील कुमार ब्लॉक अध्यक्ष भैयाथान, राजेश जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष बिहारपुर, आनंदी लकड़ा ब्लॉक अध्यक्ष लटोरी, हरि कुशवाहा को ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर नियुक्त किया गया है।

## फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दुर्ग, छ.ग. फ्रंटलाइन।** दवा दुकानों में छापेमारी कर नकली दवा के नाम पर दवाओं की सैंपलिंग लेकर दुकान संचालकों को धमकाने और उगाही करने वाले पांच फर्जी ड्रग इंस्पेक्टर पकड़े गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. धमधा थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि ग्राम धुमा धमधा निवासी रघुनंदन प्रसाद वर्मा (68 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह खेती-किसानी का काम करता है। उसके बेटे दिलेंद्र कुमार वर्मा ने तीन साल पहले लाइसेंस लेकर घर में मेडिकल दुकान खोली थी. गुरुवार दोपहर वह ग्राम सिलपट्टी में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था. उस दौरान दुकान में बैठे लड़के ने बताया कि एक शख्स ने कॉल कर खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताते हुए बिना लाइसेंस के दवा दुकान चलाने पर कार्यवाई के लिए धमकाने लगा. इसके साथ ही खैरागढ़ कलेक्टोरेट में मिलने के लिए बुलाया है. बेटे से बात खत्म होने के बाद रधुनंदन ने बहू को कॉल किया. उसने बताया कि स्कार्पियों (सीजी 17 केएच 8580) में पांच लोग सवार होकर घर आए और खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताकर मेडिकल दुकान में घुस गए. और बिना लाइसेंस दुकान चलाने पर जेल भेजने की धमकी लेने लगे. इसके साथ जाते समय कुछ दवाएं सैम्पल के लिए साथ ले गए. इसके बाद जब शाम को घर पहुंचा तो ग्राम खैरझिटी निवासी वैद्यराज जोहन लाल वर्मा से मुलाकात हुई. जब उन्हें घटनाक्रम बताया तो उन्होंने ने भी स्कार्पियों में सवार होकर 5 लोग आए, खुद को ड्रग इंस्पेक्टर बताए और आयुर्वेदिक दवाओं के दो डिब्बे अपने साथ ले गए. बुजुर्ग की शिकायत के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों की पहचान पंडरिया कवर्धा निवासी मनीष जंघेल, भूषण वर्मा, तारन वर्मा, टाकेश्वर जंघेल, अतेनमणी अंचित के रूप में हुई।

## रुनियाडीह विद्यालय में पालक-बालक-शिक्षक मासिक सम्मेलन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश के परिपालन में प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में पालक-बालक-शिक्षक मासिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन का मासिक आयोजन एनवति राजवाड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपस्थित पालकों को त्रैमासिक परीक्षा में बच्चों द्वारा प्राप्त अंकों को बताया गया व परीक्षा कॉपी दिखाई गई।

बच्चों की शत-प्रतिशत दैनिक उपस्थिति पर चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन पर्याप्त मात्रा में देने, शाम के समय बच्चों को पढ़ने हेतु घर पर बैठाने, बच्चों के लिए पढ़ाई का कोना घर के प्रवेश द्वार से दूर नियत कर बनाने, बच्चों के पढ़ने के समय घर पर अनावश्यक कोलाहल ना करने, बच्चों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु





जमीन संबंधित दस्तावेज सहित पालक व बच्चों के आधार कार्ड की कॉपी लाकर विद्यालय में शिक्षक से मिलने, बच्चों के भाषा पठन कौशल वृद्धि हेतु घर पर बच्चों को जोर से पढ़ने हेतु प्रेरित करने कहा गया। साथ ही विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पालकों को बाल कैबिनेट मंत्री रिंकी राजवाड़े, चित्रकुमारी, कलावती, रूपा विश्वकर्मा द्वारा हस्त प्रक्षालन के सभी छह स्टेप्स को करके बताया गया।

बच्चों द्वारा उपस्थित पालकों को अच्छी तरह से हाथ धोने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई तथा गंदे हाथों से होने वाली बीमारियों के बारे में बताते हुए खाना खाने से पूर्व तथा शौच से आने के बाद हाथों को अच्छे से साबुन इत्यादि से साफ करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान शिक्षक रिजवान अंसारी, एम. टोप्पो के अलावा पूनम गुप्ता, आरती, भुनेश्वरी राजवाड़े, मानमती जायसवाल, फूलमेत, जानकी राजवाड़े, सुमित्रा राजवाड़े, नान दईया उपस्थित रहे।

## नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

धमतरी, **छ.ग. फ्रंटलाइन।** नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी के आरोपी को धमतरी पुलिस ने किया गिरफ्तार,आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में धारा 420 भादवि. के तहत किया गया था अपराध पंजीबद्ध। आरोपी द्वारा पुलिस विभाग में आरक्षक भर्ती कराने का झांसा देकर प्रार्थी एवं अन्य से 16,00,000/- रूपये का किया था धोखाधड़ी। सक्षिप्त विवरण-: थाना सिटी कोतवाली धमतरी में आवेदक तुलसी राम साहू एवं अन्य के द्वारा प्रस्तुत वरिष्ठ कार्यालय के शिकायत आवेदन पत्र से आरोपी आकाश चन्द्राकर द्वारा पुलिस विभाग में आरक्षक भर्ती कराने का झांसा देकर प्रार्थी एवं अन्य से 16,00,000/- रूपये रकम लेकर धोखाधड़ी करना पाये जाने से धारा 420 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं अन्य पीड़ितों का कथन लेखबद्ध कर





आरोपी द्वारा दिये गये इकरारनामा व चेक की छाया प्रतियां प्राप्त की गई। आरोपी अपराध कायमी के बाद से लगातार फरार था जिस पर 5,000/- रूपये का ईनाम उद्घोषणा भी की गई थी। जिसे अभिरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से कुल 17,85,000/- रूपये रकम लेना स्वीकार किया जो आरोपी आकाश चन्द्राकर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का नाम आकाश चन्द्राकर पिता ओमकार प्रसाद चन्द्राकर उम्र 33 वर्ष सा0 परसवानी थाना कोतवाली जिला महासमुंद हाल श्यामनगर वार्ड नं0 52 शैलेन्द्र सिंह का मकान बोरसी जिला दुर्ग(छ.ग.)। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी.राजेश मरई, उनि. लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रआर.दिनेश तुरकाने, आरक्षक कुलदीप राजपूत, साजिद अली का विशेष योगदान रहा।

# दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव और गोलीबारी, एक की मौत, 40 घायल



संवाददाता

बहराइच, उत्तर प्रदेश के बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई साम्प्रदायिक हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और लगभग 40 लोग घायल हो गये हैं। घटना के बाद से इलाके में साम्प्रदायिक तनाव व्याप्त है और गुस्साये ग्रामीण विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरे इलाके में पुलिस बल की भारी तैनाती की गयी है। बहराइच हिंसा में मारे गये रामगोपाल मिश्रा के शव को महसी तहसील परिसर में रखकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि महाराजगंज बाजार में कुछ लोगों द्वारा मूर्ति विसर्जन के दौरान पत्थरबाजी करने पर दो समुदायों के लोग आमने सामने आ गए थे। गुस्साई भीड़ ने बाजार में तोड़फोड़ की। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## बहराइच हिंसा पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पहली प्रतिक्रिया

### योगी सरकार पर खड़े किए सवाल



संवाददाता

बहराइच, उत्तर प्रदेश के बहराइच में हुए हिंसा को लेकर सियासत तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर सवाल खड़े किए है। अखिलेश यादव ने बहराइच में हुए हिंसा को लेकर कहा कि सबसे पहले, मैं अपील करना चाहूंगा कि सभी संबंधित पक्षों को कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में काम करना चाहिए। जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि प्रशासन, सरकार और मीडिया को पता है कि ऐसा क्यों हुआ। सरकार न्याय करे।

## मृतक के परिजनों ने रखी अजीब शर्त

### कहा- हमारे सामने हो आरोपी का एनकाउंटर, चले बुलडोजर

संवाददाता

बहराइच। रविवार की शाम बहराइच में शुरू हुई सांप्रदायिक हिंसा अब तक शांत नहीं हुई। महसी और महराजपुर से शुरू हुई यह हिंसा शहरी क्षेत्र के साथ गांवों में फैलती चली गई। सुबह पोस्टमार्टम हाउस से जब रामगोपाल का शव आया तो हजारों की संख्या में भीड़ जमा हो गई। इसके बाद भीड़ ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इससे गांव वालों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। तहसील मुख्यालय में शव रखकर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद समझाने पर करीब चार बजे शव को मुखाग्नि दी गई।




### आरोपी का एनकाउंटर हो

इस बीच राम गोपाल मिश्रा के परिवार ने एक अजीब शर्त रख दी। परिवार ने कहा कि वह तभी मानेंगे जब आरोपी का एनकाउंटर उनके सामने किया जाए। मृतक के भाई, बहन और पिता ने मीडिया से बात करते हुए यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि दोषियों का उनके सामने एनकाउंटर किया जाए और उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए।

महसी के महराजगंज कस्बे में विसर्जन जुलूस के दौरान हुई पत्थरबाजी व गोलीकांड की आग धीरे-धीरे पूरे जिले में फैलती जा रही है। सोमवार की सुबह से जिले भर में डर व दहशत का माहौल रहा। दहशत का आलम यह रहा कि शहर की मुख्य बाजार घंटाघर से पीपल तिराहे की दुकानें बंद रही। वहीं महराजगंज कस्बे में सुबह से ही सन्नाटा रहा और सिर्फ पुलिस कर्मी ही नजर आए। दहशत से भरे लोग अपने घरों में कैद रहे और बाजार की सभी दुकानें बंद रही। वहीं विवाद का असर शिवपुर विकासखंड की बजार में भी देखने को मिला और पूरे शिवपुर की बजारें भी बंद रही। इस दौरान बाजार में लोग प्रदर्शन करते भी दिखे। साथ ही खैरीघाट, भगवानपुर चौराहा, राजीचौराहा, महसी आदि क्षेत्रों में भी बजारें बंद रही और लोग दहशत में रही। बाजारों व सड़कों पर सिर्फ पुलिस कर्मी ही नजर आए। गांव में देखते ही देखते कुछ देर में लगभग 5000 की भीड़ जमा हो गई और तनाव बढ़ गया। कुछ देर बाद आक्रोशित ग्रामीण मृतक का शव लेकर महसी तहसील मुख्यालय पहुंचे और शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों ने महसी-राजी चौराहा मार्ग भी जाम कर दिया। सूचना पर डीएम, एसपी व विधायक महसी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने में जुटे रहे।

### भारी पुलिस बल व पीएसी तैनात, लाठी लेकर युवा कर रहे प्रदर्शन

प्रदर्शन स्थल व रेहुआ गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात हैं। वहीं पीएसी के जवान भी तैनात है और स्थिति से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन समय बढ़ने के साथ ही तनाव बढ़ रहा है। सैकड़ों की संख्या में मौजूद युवा हाथों में लाठी-डंडा लेकर नारेबाजी करते हुए सड़कों पर घूम रहे

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

## दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

एजेंसी


नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद आतिशी की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात थी। मुख्यमंत्री ने इस मुलाकात के बाद उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार और उनकी सरकार के बीच पूर्ण सहयोगात्मक संबंध रहेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की जानकारी दी। हालांकि, इस संबंध में विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया गया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में जेल से बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद आतिशी उनकी उत्तराधिकारी बनीं। आतिशी ने एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से आज मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं। दिल्ली की आप सरकार का केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार एवं उप राज्यपाल कार्यालय से शासन और सेवाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर गतिरोध है।

## पुणे सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन को सुप्रीम कोर्ट से राहत

### चिकित्सा आधार पर दी अंतरिम जमानत

एजेंसी

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने सेवा विकास सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष अमर साधुराम मूलचंदानी को 429 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और अब बंद हो चुके ऋणदाता में धन के दुरुपयोग से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत दे दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने चिकित्सा आधार पर जमानत दी थी, जिसमें कहा गया था कि जो लोग गंभीर रूप से बीमार या कमजोर हैं। वे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कड़े प्रावधानों के तहत भी जमानत के हकदार हैं। पीठ ने कहा कि पीएमएलए कितना भी सख्त क्यों न हो, हमें कानून के चारों कोनों के भीतर काम करना होगा। कानून हमें बताता है कि जो कोई बीमार और अशक्त है उसे जमानत दी जानी चाहिए। यह बात कि उसका इलाज सरकारी अस्पताल में किया जा सकता है, कानून में जो कहा गया है उसका कोई जवाब नहीं है।



मूलचंदानी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि उनका मुवक्किल क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित है और जेल में रहने के दौरान दैनिक गतिविधियां करने में असमर्थ है। जवाब में वरिष्ठ वकील एएस नंदकर्णी ने सुझाव दिया कि मूलचंदानी को हिरासत में पास के अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है। हालाँकि, रोहतगी ने यह कहते हुए प्रतिवाद किया कि 67 वर्ष के मूलचंदानी पहले ही एक साल से अधिक समय से जेल में थे और उनका नाम किसी भी आपराधिक अपराध में नहीं लिया गया था।

शीर्ष अदालत ने जेजे ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट की समीक्षा के बाद जमानत दे दी, जिसमें मूलचंदानी की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति की पुष्टि की गई थी। मामले को संभाल रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया कि सेवा विकास सहकारी बैंक में 92 प्रतिशत से अधिक ऋण खाते गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में बदल गए थे, जिससे संस्था का पतन हुआ। बाद में भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय अस्थिरता के कारण बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

### बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में अब तक हुए हैं कई खुलासे, जेल में मिली सुपारी

एजेंसी

नई दिल्ली, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस ने छह आरोपियों की पहचान कर ली है। पुलिस अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि तीन अपराधी अभी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार जुटी हुई है। पुलिस जांच में भी सामने आया है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश पटियाला जेल में रची गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पटियाला जेल में ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुरु ने बाबा सिद्दीकी के मर्डर की साजिश को अंजाम देने की कहानी गढ़ी थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने में मोहम्मद जीशान अख्तर का नाम प्रमुख तौर पर उठा है। माना जा रहा है कि इस हत्याकांड का मुख्य कर्ताधर्ता जीशान अख्तर ही है।

### बम की धमकी के बाद एअर इंडिया के मुंबई-न्यूयॉर्क विमान का मार्ग परिवर्तित कर दिल्ली भेजा गया

एजेंसी

मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एअर इंडिया की एक उड़ान में सोमवार को बम होने की धमकी के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली हवाई अड्डा भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विमान फिलहाल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर मौजूद है और यात्रियों तथा चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

## बहराइच में प्रशासन की निष्क्रियता दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका वाड्रा

संवाददाता

लखनऊ। कांग्रेस नेत्री प्रियंका वाड्रा गांधी ने बहराइच हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए जनता से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं।



गौरतलब हो, बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान हुई युवक की हत्या को लेकर बवाल बढ़ता जा रहा है। आज भी जगह-जगह आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ और आगजनी की है। पुलिस प्रशासन मामले को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें। वहीं बहराइच में हुए बवाल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा जहां दंगा होता है, वहां पर जिला प्रशासन व सरकार फेल होती है। सभी मामलों में देश व प्रदेश की सरकार फेल हो चुकी है। राज धर्म का मतलब यह है कि हमारी प्रजा स्वतंत्र रहे, आनंदित रहे, संविधान और कानून का पालन हो और पालन कराया जाए। यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी होती है और उसमें यह सरकार विफल रही है। ये सरकार तो केवल जनता को डरा रही है कि बुलडोजर चला देंगे। कानून और नियम की परिधि में जो आए उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य सरकार हर मामले में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 16 अक्तूबर को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन आयोजित कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव इसी की तैयारी की समीक्षा करने पहुंचे हैं।

उधर, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मामले पर बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।

## जम्मू-कश्मीर में नयी सरकार का पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग होना चाहिए: चिदंबरम

एजेंसी


नई दिल्ली, कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर की नयी सरकार के समक्ष पहला काम राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करना होना चाहिए और इंडिया गठबंधन दलों को इसका समर्थन करना चाहिए। चिदंबरम ने कहा कि यदि केंद्र सरकार सहमत नहीं होती है तो उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए क्योंकि केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव नतीजों के बाद और नयी सरकार के कार्यभार संभालने से कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने अपने पास शक्तियां रख लीं जो लोगों के फैसले का मजाक उड़ाना है। उन्होंने कहा, नयी सरकार का पहला काम जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करना होना चाहिए और इंडिया गठबंधन के सभी दलों को इस मांग का समर्थन करना चाहिए। चिदंबरम ने कहा, सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलने पर नयी जम्मू-कश्मीर सरकार को उच्चतम न्यायालय जाने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था।

## दिल्ली पुलिस की अमित शाह ने थपथपाई पीठ

### ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ जारी रहेगी छापेमारी

एजेंसी

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं जब्त करने के सफल अभियानों के लिए बधाई दी। एक्स पर शाह ने कहा कि ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त करने के सफल ऑपरेशनों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद करना भी शामिल है।



अमित शाह ने आगे कहा कि नशीली दवाओं और नार्को व्यापार के खिलाफ धरपकड़ बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगी। मोदी सरकार हमारे युवाओं को नशीली दवाओं के संकट से बचाकर नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि वे दिल्ली को नशा मुक्त शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली और गुजरात पुलिस के संयुक्त अभियान में रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर से लगभग 5000 करोड़ रुपये मूल्य की कम से कम 518 किलोग्राम कोकीन बरामद की गई और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नई जब्ती दिल्ली में 700 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी से जुड़ी है। इसके साथ ही अब तक 13,000 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद की जा चुकी है. इस सिलसिले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। सूत्रों ने कहा कि यह देश में किसी भी एजेंसी द्वारा अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मानी जा रही है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, 700 किलोग्राम कोकीन की पिछली जब्ती की जांच के दौरान, स्पेशल सेल ने पाया कि ड्रग्स अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से लाए गए थे।

## 16 अक्टूबर को सीएम पद की शपथ लेंगे उमर अब्दुल्ला, एलजी ने किया आमंत्रित

एजेंसी

नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिंह ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला को 16 अक्टूबर को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। एलजी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि उन्हें 11 अक्टूबर को जेकेएनसी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला का पत्र मिला था, जिसमें बताया गया था कि उमर अब्दुल्ला को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। एलजी के पत्र में कहा गया है, "मुझे आपको जम्मू-कश्मीर सरकार बनाने और उसका नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित करते हुए खुशी हो रही है।"



उमर अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रधान सचिव का स्वागत कर प्रसन्नता हुई। उन्होंने एलजी के कार्यालय से मुझे जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने वाला एक पत्र सौंपा। इससे पहले जम्मू-कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटा लिया गया था जिससे केंद्र शासित प्रदेश में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया था। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राज्य से राष्ट्रपति शासन हटाये जाने का विभिन्न दलों ने स्वागत किया है। हम आपको बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 239 और 239ए के साथ पठित जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 73 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के संबंध में 31 अक्टूबर 2019 का आदेश, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की धारा 54 के तहत मुख्यमंत्री की नियुक्ति से तुरंत पहले निरस्त किया जाता है। हम आपको याद दिला दें कि हाल में संपन्न हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन ने जीत हासिल की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें गठबंधन का नेता चुना गया है। हम आपको याद दिला दें कि पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों- - जम्मू कश्मीर और लद्दाख के रूप में विभाजित किए जाने के बाद 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 को संसद ने पांच अगस्त 2019 को पारित किया था। पूर्ववर्ती राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को भी उसी दिन निरस्त कर दिया गया था।

## सम्पादकीय

# अनुसूचित जातियों के खिलाफ अत्याचार रोकें राज्य सरकारें

कठोर कानूनों के बावजूद अगर दलितों (अनुसूचित जातियों) के खिलाफ अत्याचार नहीं रुक रहे हैं तो ये राज्य शासन, पुलिस प्रशासन और कानून के राज के अमल पर गंभीर सवाल हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) को पिछले चार साल में दलितों के खिलाफ अत्याचार और भूमि व सरकारी नौकरियों से जुड़े विवादों से संबंधित 47,000 से अधिक शिकायतें मिली हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि देश में अनुसूचित जातियों के खिलाफ उत्पीड़न लगातार बढ़ रहे हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन पर मिले जवाब में एनसीएससी ने कहा कि 2020-21 में 11,917 शिकायतें, 2021-22 में 13,964 शिकायतें, 2022-23 में 12,402 और 2024 में अभी तक 9,550 शिकायतें मिली हैं। हर वर्ष शिकायते बढ़ती गई हैं। आयोग को मिली सबसे ज्यादा शिकायतें अनुसूचित जाति समुदाय के खिलाफ अत्याचारों, भूमि विवाद और सरकारी क्षेत्र में सेवाओं से जुड़े मुद्दों से संबंधित हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें उत्तर प्रदेश से मिली हैं। आयोग को हर दिन 200-300 शिकायतें मिलती हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नवीनतम सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जाति के खिलाफ अधिकांश अत्याचार के मामले 13 राज्यों में केंद्रित थे। वर्ष 2022 के सभी मामलों में से 97.7 प्रतिशत मामले इन्हीं राज्यों में सामने आए। इस कानून के तहत 2022 में दर्ज किए गए 51,656 मामलों में से, उत्तर प्रदेश में अकेले 12,287 मामले थे। इसके बाद राजस्थान में 8,651 और मध्य प्रदेश में 7,732 मामले थे। बिहार में 6,799 (13.16 प्रतिशत), ओडिशा में 3,576 (6.93 प्रतिशत) और महाराष्ट्र में 2,706 (5.24 प्रतिशत) मामले दर्ज किए गए। इन छह राज्यों में कुल मामलों के करीब 81 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। इसके बावजूद अत्याचार पर लगाम नहीं लगी। आजादी के 77 वर्ष होने के बाद में भी दलित उत्पीड़न की घटनाओं में कमी नहीं आना दर्शाता है कि समाज की सोच नहीं बदली है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में 19 साल की एक दलित युवती के साथ कथित गैंगरेप और हत्या का मामला सुर्खियों भी आया था। राजस्थान में डंगावास में दलितों के ख़िलाफ़ हिंसा (2015), रोहित वेमुला (2016), तमिलनाडु में 17 वर्ष की दलित लड़की का गैंगरेप और हत्या (2016), तेज़ म्यूज़िक के चलते सहारनपुर हिंसा (2017), भीमा कोरेगांव (2018) और डॉक्टर पायल तड़वी की आत्महत्या (2019) आदि अनेक मामलों ने सुर्खियां बटोरीं, लेकिन अत्याचार कम होने का सिलसिला नहीं रुका। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में दलित उत्पीड़न के मामले उजागर होते रहते हैं। सालाना 5 से 7 फीसदी मामले बढ़ रहे हैं। देश में दलितों की सुरक्षा के लिए अनुसूचित जाति/ जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 मौजूद है। इसके तहत एससी और एसटी वर्ग के सदस्यों के ख़िलाफ़ किए गए अपराधों का निपटारा किया जाता है। विशेष अदालतों का गठन भी किया जाता है। इसके अलावा अस्पृश्यता पर रोक लगाने के लिए अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 बनाया गया था जिसे बाद में बदलकर नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम कर दिया गया। सख्त कानूनों के अमल की जिम्मेदारी राज्य प्रशासन की है। राज्य सरकारों को चाहिए कि दलितों के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम करें। दलितों के खिलाफ उत्पीड़न को रोकना राज्य की महती जिम्मेदारी है।

# यूएन में स्थायी सदस्य बने भारत



**दो टूक**
डॉ. एन.के. सोमानी

> क्वाड समिट के बाद यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर उम्मीद बढ़ गई है। माना जा रहा है कि चीन ने अड़ंगा नहीं लगाया तो भारत जल्द ही यूएनएससी का स्थायी सदस्य बन सकता है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनियाभर में इसकी छवि एक ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रही है। विश्व व्यापार संगठन, ब्रिक्स और जी-20 जैसे आर्थिक संगठनों में भारत को प्रभावशाली देश के तौर पर देखा जाता है। पिछले साल जी-20 के सफल आयोजन के बाद भारत की दावेदारी और अधिक पुख्ता हुई है। भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का फाउंडर मेंबर है और संघ के शांति मिशन में हमेशा सक्रिय रहा है।

अमेरिका में आयोजित क्वाड देशों की बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (यूएनएससी) में सुधार की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है। बैठक के बाद क्वाड देशों ने अपने साझा बयान में कहा कि यूएनएससी को समावेशी और लोकतांत्रिक बनाने के लिए स्थायी-अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए जिससे एशियाई, अफ्रीकी और कैरिबियाई देशों को समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके। भारत के अलावा जापान, ब्राजील और जर्मनी (जी-4) स्थायी सदस्यता की दौड़ में शामिल हैं। क्वाट समिट के बाद यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर उम्मीद बढ़ गई है।

माना जा रहा है कि चीन ने अड़ंगा नहीं लगाया तो भारत जल्द ही यूएनएससी का स्थायी सदस्य बन सकता है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनियाभर में इसकी छवि एक ग्लोबल लीडर के तौर पर उभर रही है। विश्व व्यापार संगठन, ब्रिक्स और जी-20 जैसे आर्थिक संगठनों में भारत को प्रभावशाली देश के तौर पर देखा जाता है। पिछले साल जी-20 के सफल आयोजन के बाद भारत की दावेदारी और अधिक पुख्ता हुई है। यही नहीं, भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का फाउंडर मेंबर है और संघ के शांति मिशन में हमेशा सक्रिय रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस वैश्विक संस्था के संचालन से भारत को दूर क्यों रखा जा रहा है। यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्यों में से चार ( रूस, अमेरिका, फ्रांस और अब ब्रिटेन ) भारत के साथ हैं। चारों देश चाहते हैं कि भारत भी यूएनएससी में स्थायी सदस्य हो। लेकिन चीन के विरोध के कारण यह मुमकिन नहीं हो पाया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सारे देश यूएनएससी में भारत को शामिल करने के लिए तैयार हैं, तो फिर चीन को क्या परेशानी है। वह भारत की राह में रोड़ा क्यों अटका रहा है

दरअसल, भारत के साथ चीन के रिश्ते जिस तरह से रहे हैं, खास तौर से 1962 के युद्ध व डोकलाम विवाद के बाद । चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत उसकी बराबरी में यूएनएससी में खड़ा हो। अगर भारत सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्य बन जाता है, तो उसका वैश्विक कद बढ़ जाएगा। वीटो पावर के जरिए वह न सिर्फ अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर पाएगा बल्कि परिषद् के भीतर ऐसे मुद्दो को भी बेहतर तरीके से उठा पाएगा जो उसके लिए विशेष महत्व रखते हैं। चीन स्थायी सदस्यता और उससे जुड़ी वीटो पॉवर का महत्व समझता है। वह जानता है कि यदि भारत यूएनएससी में स्थायी सदस्य के रूप में आता है तो यूएनएससी के भीतर न केवल अमेरिकी अवाज मुखर होगी बल्कि भारत अमेरिकी मदद से उसके राष्ट्रीय हितों को प्रभावित कर सकेगा। चीन इस बात को भी समझता है कि यदि भारत को यूएनएससी में आने का अवसर मिलता है तो वह विकासशील देशों का बेहतर तरीके से प्रतिनिधित्व कर सकेगा। यही वजह है कि जब कभी भारत का नाम यूएनएससी की स्थायी सीट के लिए आता है, तो चीन भारत के खिलाफ वीटो का इस्तेमाल कर भारत के प्रयासों पर पानी फेर देता है। यूएनएससी संयुक्त राष्ट्र का सबसे प्रभावशाली अंग है। इसमें पांच स्थायी और दस अस्थायी सदस्य होते हैं। स्थायी सदस्यों में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइडेट किंगडम, फ्रांस, रूस (पूर्ववर्ती यूएसएसआर के स्थान पर) और चीन है। इन्हें




पी-5 देश भी कहा जाता है। 10 अस्थायी सदस्यों का चुनाव दो साल के लिए बारी-बारी से किया जाता है। यूएनएससी में किसी भी मसले पर फैसला लेने के लिए 15 में 9 सदस्यों की सहमति जरूरी होती है। पी-5 देशों में से अगर किसी भी देश ने वीटो पावर का इस्तेमाल कर दिया तो प्रस्ताव खारिज हो जाता है। द्वितीय, सुधार की प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर में संशोधन की आवश्यकता होगी। चार्टर के अनुच्छेद 108 के अनुसार- 'वर्तमान चार्टर में संशोधन संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों के लिए तब लागू होंगे जब उन्हें महासभा के दो-तिहाई सदस्यों के मत से अपनाया जाएगा और सुरक्षा परिषद् के सभी सदस्यों सहित संयुक्त राष्ट्र के दो-तिहाई सदस्यों द्वारा उनकी संबंधित संवैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार अनुमोदित किया जाएगा। संक्षेप में कहें तो यूएनएससी में कोई भी सुधार स्थायी सदस्यों की दया पर निर्भर करता है। भारत लंबे समय से यूएनएससी में सुधार की मांग कर रहा है। यूएन के भीतर और बाहर हर मोर्चे पर वह सक्रिय है। पिछले एक-डेढ दशक से तो परिषद् की स्थायी सदस्यता हासिल करना उसकी विदेश नीति की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। वह संयुक्त राष्ट्र के भीतर परिषद् में सुधारों को लेकर चल रही अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में भी शामिल है। इसके अतिरिक्त वह और जी-4 भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान और एल.69 समूह ( एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की विकासशील देशों का अंतर-क्षेत्रीय समूह ) की सदस्यता के माध्यम से अन्य सुधार के क्षेत्र में काम करने वाले देशों के साथ काम कर रहा है। साल 2021 में भारत 8वीं बार यूएनएससी में अस्थायी सदस्य चुना गया। जून 2020 में न्यूयॉर्क में हुए अस्थायी सदस्यों के चुनाव में भारत को 193 सदस्य देशों में से 184 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। अस्थायी सदस्य के तौर पर इतने भारी बहुमत से भारत का चुनकर आना परिषद् में उसकी बढ़ती हुई भूमिका की आवश्यकता और स्वीकार्यता का ही उदाहरण है। मौजूदा भाजपा सरकार ने भी 2024 के लोकसभा चुनाव में जारी संकल्प पत्र में यूएनएससी की स्थायी सदस्यता की मांग करने का वादा किया है।

हालांकि, 1950 और 1960 के दशक में उस वक्त भारत के पास यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनने का अवसर आया था जब संयुक्त राज्य अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) द्वारा भारत को स्थायी सीट की पेशकश की गई थी। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने इस पेशकश को स्वीकार नहीं किया और चीन को वरियता देने का सुझाव दिया। भारत के सुझाव को स्वीकार करते हुए चीन को स्थायी सीट की पेशकश की गई जिसे चीन ने बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया। जब भारत सरकार को अपनी भूल का अहसास हुआ तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यदि नेहरू उस अवसर को नहीं खोते तो आज इतिहास का रुख अलग ही होता। पीएम मोदी ने यूएन के मौजूदा सत्र में भी परिषद् में सुधार के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाते हुए कहा कि वैश्विक शांति और विकास के लिए यूएन को सुधारों की प्रक्रिया पर आगे बढ़ना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा सत्र में जी-4 देशों (भारत, जापान, ब्राजील और जर्मनी) ने यूएनएससी में सुधार की मांग को जबरदस्त और रणनीतिक तरीके से उठाया है। चारों देश स्थायी सदस्यता के लिए एक-दूसरे की दावेदारी का समर्थन करते हैं। इनकी मांग है कि संयुक्त राष्ट्र में वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं की झलक दिखनी चाहिए ताकि यह वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के लिए भी फिट रहे। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी 15 सदस्यों वाली यूएनएससी को चेतावनी देते हुए आगाह किया कि अगर इसकी संरचना और काम करने के तरीकों में सुधार नहीं किया गया तो यह वैश्विक संस्था अंततः अपनी विश्वसनीयता खो देगी।

(लेखक वरिष्ठ शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रोटीन विज्ञान क्रांति परिवर्तनकारी साबित होगा

प्रियंका सौरभ



## नए प्रोटीन का निर्माण

उभरते हुए साक्ष्य दर्शाते हैं कि प्रोटीन-डिज़ाइन तकनीकों की यह नई नस्ल ऐसे प्रोटीन बना सकती है जो अन्य प्रोटीन से जुड़ते हैं। यह जीव विज्ञान में प्रोटीन फ़ंक्शन को मॉड्यूलेट करने की एक महत्वपूर्ण रणनीति है, और इसे विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना अधिक सटीक और शक्तिशाली चिकित्सा पद्धति का मार्ग हो सकता है। संभावित दवा डिज़ाइनों को स्पष्ट करने के लिए पूर्वानुमानित प्रोटीन संरचनाओं का उपयोग करना भी संभव है। प्रोटीन लगभग सभी जैविक कार्यों के लिए आवश्यक हैं। ये विभिन्न जीवों के एंजाइम, हार्मोन और संरचनात्मक घटकों के रूप में कार्य करते हैं। प्रोटीन इंजीनियरिंग में प्रगति के साथ अब ऐसे प्रोटीन बनाए जाने लगे हैं जिनका कार्य आवश्यकतानुसार पहले से ही निर्धारित होता है। इस तरह के नवाचार विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करके चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विज्ञान जैसे क्षेत्रों में क्रांति लाने की क्षमता रखते हैं। विशिष्ट चिकित्सीय कार्यों वाले प्रोटीन बनाने से लक्षित दवाओं का विकास संभव होता है, जो रोगों का अधिक सटीक उपचार करती हैं। ये प्रोटीन स्वस्थ कोशिकाओं को प्रभावित करने की क्षमता वैक्सीन विकास प्रक्रिया को गति दे सकती है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य खतरों से निपटना आसान हो सकता है। महामारी के दौरान, वायरस से निपटने के लिए तीव्र और प्रभावी समाधान विकसित करने में प्रोटीन-आधारित टीके अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुए थे। तकनीकी अनुप्रयोगों के लिए कम वजन के ढांचे आदि के निर्माण में न्यू प्रोटीन का इस्तेमाल संभव है।

प्रोटीन-इंजीनियर्ड फैब्रिक का उपयोग सेल्फ क्लीनिंग कपड़े बनाने के लिए किया जा सकता है, जिससे सफाई प्रक्रिया में जल और रसायनों की आवश्यकता कम हो सकती है। प्रदूषकों और विषैले पदार्थों को विखंडित करने हेतु डिजाइन किए गए प्रोटीन पर्यावरण की सफाई के लिए आशाजनक समाधान प्रदान करते हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र में प्रदूषण कम होता है। न्यू प्रोटीन ऐसे बायोसेंसर के रूप में कार्य कर सकते हैं, जो उच्च परिशुद्धता के साथ प्रदूषकों और विषाक्त पदार्थों का पता लगाते हैं, जिससे पर्यावरण निगरानी और संरक्षण में सहायता मिलती है। औद्योगिक प्रक्रियाओं में हानिकारक रसायनों की जगह उत्प्रेरक गुणों वाले प्रोटीन का उपयोग किया जा सकता है, जिससे उत्पादन प्रक्रिया पर्यावरण के अधिक अनुकूल हो जाएगी। न्यू प्रोटीन को व्यक्तिगत रोगियों की जैविक प्रोफाइल के अनुरूप डिजाइन किया जा सकता है, जिससे व्यक्तिगत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति होगी। इंजीनियर्ड प्रोटीन के उपयोग से कैंसर के उपचार के लिए आनुवंशिक डेटा के आधार पर विशिष्ट कैंसर प्रकारों को लक्षित करते हुए चिकित्सीय परिणामों में सुधार किया जा सकता है। कुछ उल्लेखनीय सफलताओं के बावजूद, नैदानिक परीक्षणों में प्रवेश करने वाली केवल 8% दवाएं ही नई दवाओं के रूप में पंजीकृत होती हैं। बेशक, इस दक्षता में कोई भी वृद्धि स्वागत योग्य है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कितनी नई पंजीकृत दवाएं आबादी के स्वास्थ्य काल या जीवनकाल को भौतिक रूप से बढ़ाती हैं। प्रोटीन स्तर पर आशाजनक परिणाम कई कारणों से नैदानिक परीक्षणों के लिए व्यावहारिक नहीं हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, उपचारात्मक पदार्थों को संश्लेषित, परिवहन और संग्रहीत करने की आवश्यकता होती है, और कुछ प्रोटीन इसके लिए अनुकूल नहीं हो सकते हैं। कंप्यूटर द्वारा पहचाने गए कुछ आशाजनक उपचारात्मक पदार्थ इस तरह के व्यावहारिक कारणों से विफल हो जाएंगे, लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि इस क्षेत्र में भी सफलताएं मिली हैं। किसी भी भौतिक सफलता के बाद आम जनता के लिए उपचार की पहुंच पर भी विचार किया जाना चाहिए। इम्यूनोथेरेपी और व्यक्तिगत चिकित्सा महंगी हैं, और नई एआई तकनीकों द्वारा पहचानी गई कुछ चिकित्सीय रणनीतियां उसी श्रेणी में आ सकती हैं। ये चिंताएं प्रोटीन विज्ञान क्रांति द्वारा दिए जाने वाले संभावित लाभों को खारिज करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं बल्कि, वे बताती हैं कि इससे क्या लाभ हो सकता है। विशिष्ट कार्यों वाले नए प्रोटीन के निर्माण ने चिकित्सा, प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय स्थिरता में परिवर्तनकारी संभावनाओं को खोल दिया है। ये प्रगति लक्षित उपचार विकसित करने, निदान प्रक्रिया को उन्नत करने और संधारणीय औद्योगिक प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए क्रांतिकारी क्षमता प्रदान करती हैं। जैसे-जैसे प्रोटीन इंजीनियरिंग विकसित होगी, यह स्वास्थ्य सेवा, जैव प्रौद्योगिकी और पर्यावरणीय समाधानों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।




संकलित
**दर्शन**

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे, भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।



संकलित
**प्रेरणा**

## अंतर्मन




### आज की पाती

**श्री राम के आदर्श अपनाने का संकल्प लें**

दशहरा क्यों मनाया जाता है, इसका जवाब यही मिलेगा कि इस दिन भगवान श्रीराम जी ने रावण का वध किया था। और हर कोई यह भी जानता है कि रावण असुर था। वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग मानवता को नष्ट करने के लिए करता था। इस दिन रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद के कागज के पुतले जलाकर हम खुशी-खुशी दशहरा मना लेते हैं, लेकिन हम यह कभी नहीं सोचते कि हमारे अंदर जो रावण लालच, लोभ, लालसा, मोहमाया, क्रोध, स्वार्थ, हेराफेरी, बेईमानी, अनैतिकता, अशिष्टाचार, झूठ, फरेब, कुदरत के विरुद्ध जाना, प्रकृति का दोहन करने की कुप्रवृत्ति और न जाने कितनी ही व्याधियों के रूप में समाया है, उसका अंत करने के बारे में कभी नहीं सोचते हैं। दशहरा वह दिन है, जब सभी भारतीयों को राम जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

*-रतन शर्मा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में हाई-प्रोफाइल मामलों की होगी जांच


श्रीलंका की नई सरकार ने पुलिस को कुछ हाई-प्रोफाइल मामलों की फिर से जांच करने का आदेश दिया है, जिसमें 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले और 2005 में एक तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार की हत्या का मामला भी शामिल है। पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने उन पिछले मामलों की फिर से जांच करने का वादा किया था, जिनका समाधान नहीं हो पाया था। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने यह निर्णय इसलिए लिया है, ताकि जांच में किसी भी तरह की चूक की पहचान की जा सके। पुलिस प्रवक्ता निहाल थलदुवा ने शनिवार को कहा, "मंत्रालय ने कार्यवाहक पुलिस प्रमुख से कहा है कि इन मामलों की पुनः जांच की जानी चाहिए।" जिन मामलों की फिर से जांच की जानी है, उनमें 2015 में सेंट्रल बैंक बॉण्ड जारी करने में कथित घोटाला शामिल है, जिसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की तत्कालीन सरकार को दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले की भी जांच की जानी है, जिसमें 11 भारतीयों सहित 270 से अधिक लोग मारे गए थे।



## ऑफ बीट

### मौसम में बदलाव से लोगों की मन:स्थिति प्रभावित

हमारे जीवन में नैतिक मूल्य वे सिद्धांत हैं जो किसी व्यक्ति की अच्छे और बुरे तथा सही और गलत के बारे में धारणा तय करते हैं। वे हमारी पसंद-नापसंद, राजनीतिक विचारधाराओं और कई अन्य परिणामी दृष्टिकोणों और कार्यों को भी आकार देते हैं। यह मान लेना आकर्षक है कि किसी व्यक्ति के नैतिक मूल्य समय और परिस्थितियों के बावजूद स्थिर रहते हैं और कुछ हद तक वे स्थिर होते भी हैं लेकिन पूरी तरह से नहीं होते हैं। नैतिक मूल्य बदलते रहते हैं और कभी-कभी विभिन्न स्थितियों में उत्पन्न होने वाले खास विचारों, भावनाओं और प्रेरणाओं के आधार पर इनमें बदलाव आता है। हमारे शोध में इस बात का पता लगाया गया है कि क्या नैतिक मूल्य भी मौसम के साथ बदल सकते हैं? बदलते मूल्य ऋतुओं की विशेषता केवल मौसम में होने वाले बदलाव ही नहीं होता है बल्कि यह हमारे आस-पास के वातावरण और हमारे जीवन की लय में होने वाले अन्य बदलावों पर भी निर्भर करता है। इनमें वसंत के मौसम में सफाई करना, गर्मियों में परिवार के साथ अधिक समय बिताना, पतझड़ के मौसम में स्कूल के लिए खरीदारी या सर्दियों की छुट्टियों की तैयारी करना भी शामिल हो सकता है।



## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी पहल

गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे सभी क्षेत्रों में तेजी से कुशल विकास हो रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### जरूरतमंदों की करें मदद

असली ताकत उन लोगों की मदद करना है जिन्हें इसकी ज़रूरत है। यह उन लोगों के लिए खड़े होने के बारे में है जो हमेशा अपने लिए खड़े नहीं हो सकते। आइए उन नेताओं को वोट दें जो उस तरह का चरित्र प्रदर्शित करते हैं।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



### उमर अब्दुल्ला को समर्थन

केंद्र सरकार ने दिल्ली की तरह जम्मू-कश्मीर को भी हाफ स्टेट बना दिया है। हम उमर अब्दुल्ला जी को औपचारिक रूप से समर्थन दे रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि वे मेहराज मलिक को भी अपनी सरकार में ज़िम्मेदारी देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, आप प्रमुख



### प्रतिभावान युवा कवि

अत्यंत प्रतिभावान युवा कवि पंकज पंडित ने भारत का हृदय कहे जाने वाले बुंदेलखंड को अपनी अनुपम काव्य रचना में प्रस्तुत कर दिया। पंकज पंडित जितना सरस लिखते हैं उतना ही प्रभावशाली सुनाते भी हैं।

-आशुतोष राणा, अभिनेता







# फवाद-वाणी की 'अबीर गुलाल' की शूटिंग लंदन में शुरू...

**मुंबई।** पाकिस्तानी स्टार फवाद खान और भारतीय अभिनेत्री वाणी कपूर फिलहाल लंदन में अपनी अपकमिंग रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'अबीर गुलाल' की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन के सुरम्य में शुरू हुई है। इसकी घोषणा प्रोडक्शन हाउस इंडियन स्टोरीज़ द्वारा की गई। फिल्म की निर्देशक आरती एस बागड़ी ने कहा कि यह फिल्म प्यार के बारे में है। बागड़ी ने कहा फिल्म दो व्यक्तियों की यात्रा पर आधारित है जिसमें अनजाने में दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं। इस दौरान दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी द्वारा निर्मित यह प्रोजेक्ट भरपूर मनोरंजन का वादा करती है।

## लाइफ Style

# आलिया

## मेरी इच्छा- 'ज्यादा फिल्में बनाना, ज्यादा बच्चे पैदा करना'

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी भविष्य की प्लानिंग का खुलासा किया है। उनकी प्लानिंग में ज्यादा फिल्में बनाना, ज्यादा बच्चे पैदा करना और कई जगहों की यात्रा करना शामिल है। आलिया ने अपने भविष्य के बारे में बात करते हुए कहा, उम्मीद है कि और भी ज्यादा फिल्में करूं, सिर्फ एक अभिनेत्री के रूप में नहीं बल्कि एक निर्माता के रूप में भी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्लानिंग में ज्यादा बच्चे, अलग-अलग जगहों की यात्राएं, स्वस्थ, खुशहाल, सरल, शांत, और प्रकृति से भरी जिंदगी भी शामिल है। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अप्रैल 2022 में बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर से शादी की थी। नवंबर 2022 में कपल ने बेटी राहा का स्वागत किया था। आईएमडीबी के आइकन्स ओनली सेगमेंट के दौरान आलिया ने यह भी बताया कि वह उनकी और उनके पति रणबीर की कौन सी फिल्में चाहेंगी कि उनकी बेटी बड़े होकर देखे।

आलिया ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए शायद 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' बेहतर रहेगी। ईमानदारी से कहूं तो यह सबसे कम उम्र की, सबसे शांत फिल्म है जिसे बच्चे देख सकते हैं। यह मेरी पहली फिल्म है। हालांकि, मुझे उस फिल्म में अपने परफॉर्मेंस पर बहुत गर्व नहीं है, लेकिन यह गानों से भरपूर है और मुझे लगता है बेटी को वास्तव में यह बहुत पसंद आएगी। रणबीर के लिए आलिया ने फिल्म 'बर्फी' चुनी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह बच्चों के लिए बहुत ही अनुकूल फिल्म है।' आलिया ने खुलासा किया कि कौन सी परफॉर्मेंस ने उनके अभिनय में सबसे बड़ा बदलाव लाया।



## हॉलीवुड मसाला




# दुनिया की सबसे अमीर म्युजिशियन

**लॉस एंजिलस।** टेलर स्विफ्ट, जिनके गानों का हर कोई दीवाना है। वह अब ऑफिशियली दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन गई हैं। उनकी कुल नेट वर्थ करीब 1.6 बिलियन डालर बताई जा रही है। सिंगर ने उन्होंने पॉप स्टार रिहाना को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया है, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन डालर है। इस बात की पुष्टि खुद फोब्र्स ने की है। फोब्र्स के मुताबिक, स्विफ्ट की संपत्ति का 600 मिलियन डॉलर टूअर इनकम और रॉयल्टी से आता है।




# बेटी ने लगाया यौन शोषण का आरोप...

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के मशहूर सिंगर और सॉन्गराइटर आर केली की बेटी बुकु अबी ने उनके खिलाफ हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने 'कर्माः ए डॉटर्स जर्नी' नाम की डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बताया है कि किस तरह उनके सिंगर पिता ने बचपन में उनका यौन शोषण किया था। डॉक्यूमेंट्री सीरीज में बुकु अबी ने बताया कि वह इतनी डर गई थीं कि अपनी मां को कुछ भी बताने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थीं। बुकु ने कहा, 'लंबे समय, मैं इस पर विश्वास करना ही नहीं चाहती थी कि मेरे साथ क्या हुआ। मैं यह सोच भी नहीं सकती थी कि अगर वह बुरे इंसान थे भी, तो भी वह मेरे साथ ऐसा कुछ कर सकते थे। मैं किसी को कुछ भी बताने से डर रही थी। मैं अपनी मां को भी कुछ भी कहने से डर रही थी।'



# कई रिजेक्शन के बाद मुकाम तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** साल 2013 में बनी फिल्म 'यारियां' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली रकुल प्रीत सिंह को भला कौन नहीं जानता, ये एक्ट्रेस अपने फैंस के दिलों पर राज करती है। अपनी कमाल की अदाकारी, एक्टिंग और खूबसूरती की वजह से रकुल काफी फेमस हैं। कुछ महीने पहले ही उन्होंने निर्माता और एक्टर जैकी भगनानी से शादी की है। वो करीब 10 साल से हिंदी और साउथ सिनेमा में एक्टिव हैं और 10 अक्टूबर का अपना 34वा जन्मदिन मनाया। रकुल का जन्म 10 अक्टूबर 1990 को पंजाबी फैमिली में दिल्ली में हुआ। उनके पिता आर्मी ऑफिसर थे। रकुल की स्कूलिंग आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआं हुई। ऑडिशन के लिए लंबी-लंबी लाइनों में लगने, कई रिजेक्शन झेलने के बाद वो इस मुकाम तक पहुंची हैं।



# 'फैबुलस लाइव्स...' में आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर और उनकी मां, दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर, जल्द ही अपनी बहन रिद्धिमा कपूर को सपोर्ट करते नजर आएंगे। रिद्धिमा नेटफ्लिक्स के शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में पहली बार अपने जीवन को सार्वजनिक करने जा रही हैं। बुधवार को नेटफ्लिक्स ने इस शो का ट्रेलर रिलीज किया, जिसमें दिखाया गया कि इस बार मुकाबला होगा ओरिजिनल बॉलीवुड वाइव्स और तीन नए चेहरों के बीच- शालिनी पासी, कल्याणी साहा और रिद्धिमा। 'फैबुलस लाइव्स बनाम बॉलीवुड वाइव्स', आ रहा है 18 अक्टूबर को, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर! ट्रेलर में रणबीर कपूर कुछ समय के लिए दिखाई देते हैं और मजाक में अपनी बहन रिद्धिमा को कहते हैं, ये इसे पूरी तरह से गड़बड़ कर देगी।

## टीवी मसाला

# कौन हैं बिग बॉस-18 की 'वायरल भाभी'? कभी लगाया था सल्लू की टीम पर गंभीर आरोप

**मुंबई।** बिग बॉस सीजन 18 में वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा की एंट्री भी हो गई है लेकिन, क्या आप जानती हैं कि हेमा शर्मा ने कभी सलमान खान की टीम पर गंभीर आरोप लगाए थे? आइए, यहां जानते हैं कि पूरा माजरा क्या था। बिग बॉस 18 में 18 कंटेस्टेंट्स के साथ एक गधे की एंट्री भी हुई है लेकिन, आज हम जिस कंटेस्टेंट के बारे में बात करने जा रहे हैं उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल भाभी के नाम से जाना जाता है। आपके मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर वायरल भाभी कौन हैं। तो आइए, हम आपको बता देते हैं कि वायरल भाभी और कोई नहीं बल्कि हेमा शर्मा हैं। हेमा शर्मा सोशल मीडिया पर अपने स्टाइल और डांस के लिए खूब पॉपुलर हैं।



### कौन हैं 'वायरल भाभी' हेमा शर्मा?

हेमा शर्मा सिर्फ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस और सोशल एक्टिविस्ट भी हैं। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की रहने वाली हेमा शर्मा ने साल 2018 में धर्मेंद्र स्टारर यमला पगला दीवाना फिर से बॉलीवुड में कदम रखा था। 'यमला पगला दीवाना' के बाद हेमा ने सलमान खान की फिल्म दबंग 3 में एक रिपोर्टर का किरदार निभाया था। हेमा ने फिल्मों के अलावा कई टीवी शोज में भी काम किया है। इसमें कहां हम कहां तुम, सम्राट अशोक और वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश भी शामिल हैं।

### सलमान की टीम पर लगा चुकी हैं गंभीर आरोप

हेमा शर्मा अपनी एक्टिंग और डांस रील्स से ज्यादा चर्चा में तब आई थीं, जब उन्होंने सलमान खान की टीम पर गंभीर आरोप लगाया था। हेमा शर्मा ने साल 2023 में एक इंटरव्यू दिया था, जहां एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें सलमान खान की फिल्म दबंग 3 के सेट पर अपमानित किया गया था। बिग-बॉस-18 के ये कंटेस्टेंट टेलीविजन की दुनिया में बना चुके हैं नाम, एक तो टीवी के मशहूर शो 'अनुपमा' की रह चुकी हैं हिस्सा हेमा शर्मा का कहना था कि वह सलमान खान की बहुत बड़ी फैन थीं।

### रातों-रात मिली हेमा शर्मा को पॉपुलैरिटी

बिग बॉस 18 के ग्रैंड प्रीमियर पर सलमान खान ने हेमा शर्मा से उनके वायरल भाभी बनने को लेकर सवाल किया था। हेमा ने इस सवाल के जवाब में बताया था कि उन्होंने जिंदगी बर्बाद हो गया गाने पर डांस किया था और इस गाने की रील सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई थी। तभी से लोग उन्हें वायरल भाभी के नाम से बुलाते हैं। बता दें, हेमा शर्मा की सोशल मीडिया पर खूब तगड़ी फैन फॉलोइंग है और उनके इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### बिग बॉस में दम दिखा रही हैं वायरल भाभी

वायरल भाभी यानी हेमा शर्मा ने बिग बॉस के घर में एंट्री लेते ही अपना दम दिखाना शुरू कर दिया हैं। लेटेस्ट एपिसोड में हेमा शर्मा को बिग बॉस ने राशन बांटने की पावर दी थी, जिसके बाद वायरल भाभी के तेवर खूब बदलते दिखाई दिए।

# रतन टाटा के निधन की खबर सुनते ही दिलजीत ने बीच में रोका कॉन्सर्ट

**मुंबई।** पंजाब के सुप्रसिद्ध गायक दिलजीत दोसांझ ने प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए अपना जर्मनी संगीत कार्यक्रम को बीच में रोक दिया। रतन टाटा का बुधवार की रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। अपने कॉन्सर्ट के दौरान उद्योगपति रतन टाटा के बारे में बात करते हुए दिलजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिलजीत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने फैन पेज, टीम दिलजीत की पोस्ट को दोबारा साझा किया और लिखा कि श्रद्धांजलि रतन टाटा। वायरल वीडियो में दिलजीत ने पंजाबी में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी रतन टाटा को जानते हैं। उनका निधन हो गया और यह उन्हें मेरी छोटी सी श्रद्धांजलि है। मुझे आज उनका नाम लेना जरूरी लगा, क्योंकि उन्होंने जीवन भर कड़ी मेहनत की। मैंने उनके बारे में जो भी सुना और पढ़ा है। मैंने उन्हें कभी किसी के बारे में कुछ गलत बोलते नहीं देखा। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा कड़ी मेहनत की है, अच्छे काम किए हैं और लोगों की मदद की है। यही जीवन है, किसी को ऐसा ही होना चाहिए। यदि कोई एक चीज है जो हम उनके जीवन से सीख सकते हैं, तो वह यह है कि हम कड़ी मेहनत करनी चाहिए, सकारात्मक सोचना चाहिए, मददगार बनना चाहिए और जीवन को पूरी तरह से जीना चाहिए।





# 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में करेंगी कमबैक...

***मुंबई।*** *जानीमानी चरित्र अभिनेत्री उपासना सिंह, 14 साल के बाद भोजपुरी सिनेमा में कमबैक करने जा रही हैं। यशी फिल्म्स के बैनर तले बन रही और भोजपुरी सिनेमा प्रस्तुत फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार के जरिए उपासना सिंह 14 साल बाद भोजपुरी सिनेमा में वापसी कर रही हैं। इस फिल्म में उपासना सिंह एक सशक्त सास का किरदार निभा रही हैं, जबकि यामिनी सिंह इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हैं और जय यादव मुख्य अभिनेता हैं। इस फिल्म की कहानी सास-बहू के रिश्ते की खट्टी-मीठी यादों पर आधारित है, जिसे निर्देशक प्रवीण कुमार गुड्डूरी और लेखक अरविंद तिवारी ने बेहद दिलचस्प तरीके से गढ़ा है। इस फिल्म में उपासना सिंह के साथ यामिनी सिंह, जय यादव, विनोद मिश्रा, सुजान सिंह, देव सिंह और मनोज टाइगर जैसे मशहूर कलाकार भी अपनी अदाकारी का जादू बिखेरेंगे। उपासना सिंह ने बताया कि जैसे ही फिल्म सास सरकार बहू चौकीदार की कहानी सुनी, उन्हें तुरंत इसका हिस्सा बनने की इच्छा हुई।*

## 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली

# शाहरुख से सलमान तक, इन सितारों की फिल्मों में दिखीं दशहरा की खूबसूरत झलकियां

***मुंबई।*** *भारत में फिलहाल त्योहरों का मौसम जारी है। नवरात्रि के 10वें दिन विजयादशमी दशहरा का पर्व मना गया है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का अंत किया था। ऐसा मान्यता है कि लोग दशमी के रोज रावण को जलाकर बुराई का अंत करते हैं। बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं, जिनमें दशहरा के पर्व को खूबसूरती से दिखाया गया है। आइए जानें किन सितारों की किन फिल्मों में दिख चुकी दशहरा की झलक।*

**'रा.वन':** शुरुआत करते हैं शाहरुख खान की फिल्म 'रा.वन' से। फिल्म में आधुनिक तकनीक के जरिए रामायण की कहानी को दिखाने की कोशिश की गई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये कमाए थे। अर्जुन रामपाल फिल्म में 'रा. वन' के किरदार में दिखे थे, जो एक वीडियो गेम से असल दुनिया में आ जाता है। आप इस फिल्म को जियो सिनेमा पर देख सकते हैं और अपने दशहरा की छुट्टी को नई तरह की रामायण देखकर बिता सकते हैं।




**'कहानी':** विद्या बालन की फिल्म 'कहानी' में दशहरे को काफी खास जगह दी गई है। इस फिल्म की कहानी महिला शक्ति को दर्शाती है। फिल्म में एक सीन है, जब विद्या दशहरा मनाने वाली महिलाओं की भीड़ के बीच में घुसकर अपने पति की मौत का बदला लेती है और उसके कातिलों को मारती है। 8 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने केवल भारत में 51 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो पर यह फिल्म देखी जा सकती है।



**'दिल्ली 6':** राकेश ओमप्रकाश के निर्देशन में बनी फिल्म 'दिल्ली 6' में रामलीला और रावण दोनों की झलक देखने को मिली। इसमें यह दिखाया गया कि कैसे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। फिल्म में अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बता दें कि अदिति राव हैदरी की यह पहली हिंदी फिल्म थी। फिल्म ने कई पुरस्कार अपने नाम किए, वहीं दुनियाभर के फिल्म महोत्सवों में इसे सराहा गया। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म मौजूद है।



**'बजरंगी भाईजान' और 'स्वदेश':** सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' में दशहरा का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया है। इसके एक गाने 'तू चाहिए' में रामलीला का सीन भी आता है। 75 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 900 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म डिज्नी+हॉटस्टार पर है। उधर नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद शाहरुख खान की फिल्म 'स्वदेश' में दशहरा का एक बहुत ही खूबसूरत सीन है। फिल्म में भगवान राम की रावण पर जीत को रामलीला दृश्य के जरिए दर्शाया था।



# प्रमुख सचिव ने की अधिकारी-कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा

**संघों की मांगों का परीक्षण कराकर कार्यवाही का दिया आश्वासन**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प्रमुख सचिव तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं मार्ग प्रशस्त करने गठित समिति की अध्यक्ष श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न मान्यता प्राप्त पंजीकृत अधिकारी-कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा, उपाध्यक्ष नंदलाल चौधरी, महासचिव अविनाश तिवारी और छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जी आर चंद्रा शामिल हुए। प्रमुख सचिव श्रीमती अधिकारियों-कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा कर मांग पत्र एवं आवेदन लिया। प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारीक सिंह ने विभिन्न स्तरों पर इनका परीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रमुख सचिव और विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक में प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिए जाने और जुलाई-2019 से लंबित महंगाई भत्ते के एरियर्स को भविष्य निधि खाते में समायोजित किए जाने के साथ ही राजपत्रित अधिकारियों के सर्वोत्तम हित में एक राज्य-एक भर्ती नियम प्रणाली लागू किए जाने, आई.ए.एस. अवार्ड हेतु एलायड सर्विसेस के अधिकारियों को एक तिहाई पदों पर अवसर प्रदान किए जाने, विभिन्न विभागों में विभागाध्यक्ष के पदों पर विभागीय संवर्ग के अधिकारियों की पदोन्नति कर पदस्थ किए जाने तथा शासकीय सेवकों को चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान क्रमशः 8,16, 24 एवं 32 वर्ष में दिए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में राजपत्रित अधिकारियों के गोपनीय प्रतिवेदन व अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन किए जाने पर चर्चा की गई, ताकि समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ मिल सके। शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य सुविधा हेतु राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने, मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिवस किए जाने, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा गठित संचालनालयीन राजपत्रित अधिकारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, रायपुर को नवा रायपुर में रियायती दर पर भूमि आबंटित किए जाने, राज्य सरकार के अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत तकनीकी अधिकारियों की सेवाएं सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन लेते हुए संचालक स्तर तक का तकनीकी पद निर्मित किए जाने, शासकीय सेवकों को समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने, पूर्व कमिश्नर कार्यालय के समान समस्त विभागों के संभागीय कार्यालय स्थापित किए जाने और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अन्य प्रशासनिक विभागों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ नहीं करते हुए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग अथवा राजस्व विभाग में ही पदस्थ किए जाने के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई।

# रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ाने रेरा की अहम बैठक, बैंकिंग प्रक्रियाओं में सुधार पर जोर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने मंगलवार को न्यू सर्किट हाउस में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंक खातों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक महेन्द्र डोहरे, पंजाब नेशनल बैंक के जोनल मैनेजर सहित 28 राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के अधिकारी और क्रेडाई (रायपुर एवं बिलासपुर) के सदस्य शामिल हुए।

रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए बैंकों द्वारा खातों का संचालन रेरा के नियमों के अनुसार हो। उन्होंने बताया कि कई बार कुछ बैंकों द्वारा खाता संचालन में अनियमितताएं पाई गई हैं, जिससे निवेशकों और बैंकों के हितों की सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके मद्देनजर, रेरा ने बैंकों को कड़े नियमों का पालन करने की सलाह दी।

शुक्ला ने बताया कि रेरा के प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक परियोजना के लिए तीन प्रकार के खाते अनिवार्य हैं। कलेक्शन अकाउंट में जमा की गई राशि का 70 प्रतिशत रेरा-डिज़िग्नेटेड खाते में और 30 प्रतिशत बिल्डर्स के संबंधित प्रोजेक्ट अकाउंट में स्थानांतरित किया जाता है। इस प्रणाली के माध्यम से बिल्डर्स को निवेशकों की राशि का दुरुपयोग करने से रोका जाता है, क्योंकि 70 प्रतिशत राशि केवल प्रोजेक्ट की प्रगति के आधार पर ही जारी की जाती है।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ०ग०)

(व्यंकटेश सिंह प्रति छ०ग० शासन)

**// ईश्तहार //**

रा०प्र०क्र० / अ-2/2023-24

ग्राम/नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक व्यंकटेश सिंह आ० रमेशचन्द्र सिंह, निवासी ग्राम वार्ड नं. 17 पुरानी बस्ती मनेन्द्रगढ़. तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ०ग०) द्वारा छ०ग०भू०रा० संहिता की धारा 172 के तहत प०ह०नं० 14, ग्राम मनेन्द्रगढ़ में स्थित भूमि खसरा नं0 330/61 रकबा 0.024 हे0 भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में खातेदार के रूप में दर्जशुदा एवं कब्जेदार भूमिस्वामी है। आवेदक उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन का आवेदन पत्र मय बी-वन, खसरा नक्शा, मिसल, नजरी नक्शा, रजिस्ट्री एवं नगरपालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ के अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 28/10/2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ०ग०)

# पक्का मकान के सपनों को पूरा करने पीएम मोदी दृढ़ संकल्पित : मंत्री देवांगन

**आवास मेला में 320 हितग्राहियों को आवास पूर्णता एवं नवीन स्वीकृति प्रमाण-पत्र वितरित**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आज कोण्डागांव के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय आवास मेला में जिले के प्रभारी मंत्री तथा वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया। आवास मेला के शुभारंभ से पहले मंत्री देवांगन ने जिले में लगभग 04 करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि विकास के साथ हर गरीब का पक्का मकान हो, हर घर में शौचालय हो, हर घर में शुद्ध पेयजल हो और रसोई धुंआमुक्त हो, इसी सोच के साथ कार्य करते हुए उन्होंने कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की है। प्रधानमंत्री मोदी जरूरतमंदों के पक्का मकान के सपने को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उनके नेतृत्व में हमारा देश हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवास योजना के हितग्राहियों के साथ धोखाधड़ी न हो, इसलिए प्रधानमंत्री द्वारा सीधे उनके खाते में किश्त की राशि भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री साय ने भी सबसे पहले राज्य के गरीबों के हित में निर्णय लेते हुए 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी। मंत्री देवांगन ने आवास का सपना पूरा होने पर सभी हितग्राहियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम एवं नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2011 के सर्वे सूची के अनुसार 36 हजार 811 परिवारों का नाम प्रतीक्षा सूची में शामिल था, जिसमें वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कुल 15 हजार 994 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

# मंत्री देवांगन ने कोंडागांव में किया 441 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन




छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । वाणिज्य, उद्योग, एवं श्रम मंत्री एवं कोण्डागांव जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने मंगलवार को कोण्डागांव प्रवास के दौरान जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत जिले में लगभग 441.07 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें कोण्डागांव व केशकाल विधानसभा अंतर्गत माध्यमिक शाला निर्माण, जर्जर एवं भवन विहीन प्राथमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार, आंगनबाड़ी भवन निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के कुल 181.38 लाख रूपए, केशकाल विधानसभा अंतर्गत उद्यानिकी रोपणी नर्सरी में आहता निर्माण एवं रनिंग मीटर में चैनलिंक फेसिंग कार्य सहित कुल 124.42 लाख रूपए और ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में विभिन्न निर्माण कार्यों के कुल 96.32 लाख रूपए शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विधानसभा कोण्डागांव हेतु 22 विकास कार्यों के कुल 38.95 लाख रूपए सहित कुल 441.07 लाख रूपए के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री साय की पहल से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और संवारने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया गया है। बस्तर ओलंपिक के बारे में जिले के विभिन्न क्षेत्र के लोगों को जानकारी देने और अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मंत्री लखन देवांगन ने बस्तर ओलंपिक रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, जनपद पंचायत कोण्डागांव के अध्यक्ष शिवलाल मंडावी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोनामनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही और आवास मित्र उपस्थित थे।

# दुबई में थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी के नारे से गूंज उठा यूपी डायस्पोरा

**दुबई में थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी के नारे से गूंज उठा यूपी डायस्पोरा**

**निवेशकों ने दिखाई निवेश करने में रुचि**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत डबल इंजन की सरकार ने दुबई में प्रवासी निवेशकों के बीच उत्तर प्रदेश में निवेश करने की दिशा में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। सीएम योगी के विजन और क्रियान्वयन की सफलताओं का दुबई साक्षी बना और इस दिशा में दुबई के इंडिया क्लब में इन्वेस्ट यूपी और यूपी डायस्पोरा की ओर से आयोजित यूपी डायस्पोरा इन्वेस्टर मीट एक बड़ा माध्यम साबित हुआ। इस कार्यक्रम में निवेशकों ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में निवेश करने को लेकर रुचि दिखाई। इरफान इजहार ने अलीगढ़ में रिजॉर्ट तो युसूफ खान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक्स में निवेश की इच्छा दिखाई। वहीं राजेश अग्रवाल ने पुरखों के नाम अपनी पुश्तैनी जमीन हॉस्पिटल हेतु दान करने की इच्छा जाहिर की। इसके साथ ही, दुबई के मदीना ग्रुप ने यूपी से फल सब्जियों के लिए यूपी में सेंटर खोलने को लेकर रुचि प्रकट की। इन्वेस्टर मीट के बाद इरानियन स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में डबल इंजन सरकार की नीतियों और योगी सरकार की 25 से अधिक सेक्टोरल पॉलिसीज को प्रमोट किया। इस दौरान हजार से ज्यादा यूपी के प्रवासी उत्तर प्रदेश की विकासगाथा को सुनकर उत्साहित हो उठे और आयोजन स्थल थैंक यू मोदी, थैंक यू योगी के नारे से गुंजायमान हो उठा।

## यूपी डायस्पोरा को मिला प्रदेश भ्रमण का निमंत्रण

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उपलब्ध कराये गए मेक इन इंडिया के अवसरों, इंफ्रा एवं उनके द्वारा स्टाम्प विभाग में अनिवासियों की सुविधा के लिए उठाये गए कदमों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस विषय में इंफ्रास्ट्रक्रर, टूरिज्म और इन्वेस्टमेंट के अवसर पर शॉर्ट फिल्म का मंचन भी किया गया तथा विभिन्न विषयों पर पीपीटी के माध्यम से प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किए गए। उत्तर प्रदेश के सिंगल विंडो सिस्टम व इन्वेस्ट यूपी के प्रयासों से संबंधित पीपीटी प्रेजेंटेशन भी दिया गया।

कार्यक्रम में दुबई के यूपी डायस्पोरा को अपने पूरे ग्रुप के साथ एक बार काशी, मथुरा, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज भ्रमण कर आकर देखने का न्योता भी दिया गया

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०//अ-20(3)/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरिराम अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, विष्णु प्रताप अग्रवाल पिता स्व० चंदगी राम सभी जाति अग्रवाल निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग विवेकानंद वार्ड नम्बर-35 तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला लखनपुर रोड नगर अम्बिकापुर सीट नम्बर 11 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4531/45 रकबा 306 वर्गफीट भूमि को अनावेदक गोपाल अग्रवाल पिता हरिराम अग्रवाल निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग विवेकानंद वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०म० के पास विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज मेटनेन्स खसरा, की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-30/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-01/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र० //अ-20(3)/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मो० यासीन पिता मोहम्मद अली निवासी ग्राम नवागढ़ महामाया मंदिर के पास अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला नवागढ नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-15 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 18/83 रकबा 2985 वर्गफीट भूमि को अपने पुत्रगण अनावेदक अमीन फिरदौसी, मोहसिन फिरदौसी दोनो पिता मोहम्मद यासीन निवासी नवागढ़ वार्ड नम्बर-41 अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पक्ष में दान किये जाने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अधवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-30/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः 30/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

## न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 – 2024050212000....../अ-6/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कृष्णा प्रसाद गुप्ता आ0 स्व0 विष्णु प्रसाद गुप्ता, निवासी देवीगंज रोड़, अम्बिकापुर जिला सरगुजा (__छ0ग0) ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक की स्व. पत्नि कमला देवी के स्वामित्व की नजूल भूमि शीट नं. 03 मोहल्ला - देवीगंज रोड़ नगर अम्बिकापुर स्थित भू0ख0क्र.__0 1032/5, 1031/6 रकबा क्रमशः 0.01, 0.03 एकड़ भूमि है। उक्त भूमि को स्व. कमला देवी के द्वारा पंजीबद्व वसीयतनामा दिनांक 02.03.2023 के माध्यम से आवेदक को वसीयत कर दिया गया है। अतः पंजीबद्व वसीयतनामा दिनांक 02.03.2023 के आधार पर उक्त वादभूमि के अभिलेख से कमला देवी का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109,110, छ.ग.भू- राजस्व संहिता 1959_के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-06/08/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार - राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/............अ-6/2023-24

एतद् द्वारा ग्राम कोदौरा, के आम नागरिक को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका.परवीन आ0 स्व0 लालू, उम्र लगभग 31 वर्ष, जाति उरांव, निवासी ग्राम कोदौरा, थाना व तहसील राजपुर, के आवेदनानुसार वसीयतकर्ता लालू के नाम की भूमि स्थित ग्राम कोदौरा, कुल खसरा नं0 कुल रकबा 0.4770 हे0 भूमि को आवेदिका अपने नाम पर वसीयतनामा के आधार पर दिनांक 11.04.2008 को आवेदिका के पक्ष में वसीयत कर दिया गया है। वसीयतकर्ता का दिनांक 10.10.2020 को मृत्यु हो चुका है। उक्त भूमि का नामांतरण का आवेदिका अपने नाम प ? नामांतरण दर्ज किये जाने बावत् छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109__________110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो अपना दावा न्यायालय में दिनांक 13/11/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी कि या जाता है।

तहसीलदार
राजपुर
जिला- बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)

## न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में

**मामला क्रमांक: 202410020700076**

विषयः- अ-6 अ मामले की श्रेणीः-राजस्व

सत्रः- 2024-25

सपना (प0ह0नं 00028)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार -फरिता,
अनावेदक पक्षकार -छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक फरिता आ0 स्व0 रामसाय पति रामदास, निवासी ग्राम सपना, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर बताया है कि आवेदिका के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम सपना स्थित खसरा नंबर 590/1 रकबा 0.138 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदिक एवं आवेदिका की बहन सरीता के पिता का नाम त्रुटिवश बुधराम अंकित हो गया है जबकि आवेदिका के पिता का वास्तविक नाम रामसाय है। आवेदिका के द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08.11.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/10/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ0ग0)

## न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)

ईकोर्ट रा0प्र0क्र0....../अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्राम जनकपुर प0ह0नं0 ......तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्व पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कि आवेदक स्वप्निल सागर आ0 सुबोध सागर सिन्हा निवासी वार्ड नं0 17 भैंसा दफाई चिरमिरी तहसील चिरमिरी जिला-एम0सी0बी0 छ0ग0 ने फौती नामांतरण के लिये आवेदन पेश किया है। आवेदक के पिता सुबोध सागर सिन्हा आ0 यदुनंदन प्रसाद सिन्हा की मृत्यु दिनांक 05.07.2024 को हो गया है। जिनके नाम पर ग्राम जनकपुर तहसील बैकुण्ठपुर में खसरा नं0 188/1 रकबा 0.0263 हे0 स्थ्ति है। जिनके मृत्यु हो जाने के बाद अपने नाम पर फौती नामांतरण कराना चाहता है। अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 25/10/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 05/08/24
तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला -सरगुजा

रा.प्र.क्र.-......../ब- 121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार सोनी आ0 शंकर प्रसाद सोनी निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला मायापुर नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1593/4 रकबा 0.09 एकड़ में से भू-तल पर रकबा 150.27 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 134.28 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भवन निर्माण कराने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र भवन निर्माण शाखा में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-30/10/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक - 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

न्जूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०/बी-21/2023-24

आम जनता ग्रामवासी ग्राम हनुमानगढ़ को सूचित किया जाता है कि श्री परश राम बड़ा आ० श्री हरखू राम बड़ा निवासी ग्राम हनुमानगढ़ थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ०ग०) के द्वारा अपने माता स्व० सोनमेत पत्नी हरखू राम बड़ा का मृत्यु दिनांक 17/02/2016 होने से अपने माता स्व० सोनमेत बड़ा पत्नी हरखू राम का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है. जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है, जिस किसी आम जनता / ग्रामवासियों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो वह अपना आपत्ति दिनांक 18/10/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम ही कार्यवाही कर दी जावेगी। आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रामानुजनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

# रामगढ़ में 17 बकरी को जंगली जानवर ने बनाया अपना शिकार, क्षेत्र में दहशत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**चांदनी बिहारपुर।** सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी बिहारपुर के रामगढ़ गांव से लगा सीमावर्ती गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र के जंगल से लगे क्षेत्र में जंगली जानवर के हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इस बार जंगली जानवर ने रिहायशी क्षेत्र में घुसकर 4 ग्रामीण के बकरियों पर हमला किया है। एक साथ 17 लगभग बकरियों की मौत के बाद ग्रामीण भी हैरान है।

ग्रामीण बाघ व तेंदुआ के हमले में बकरियों की मौत की बात कह रहे है जबकि वन विभाग पुष्टि करने की जांच में जुटी हुई है। एक साथ इतनी बकरियों की मौत के पीछे जंगली जानवर का हमला होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि जिले के दूरस्थ सीमावर्ती एवं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र एवं वन विभाग से



लगा गांव रामगढ़ निवासी जगमोहन सिंह, कुंवर सिंह व मानमति सिंह की लगभग 17 बकरियां मृत पाई गई। बकरियों पर किसी जंगली जानवर के वार के हमले के निशान मिले है जिसके बाद गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। एक साथ इतनी बकरियों की मौत के बाद वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे थे। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार बाघ एवं तेंदुआ द्वारा शिकार कर लिया गया है जिससे ग्राम पंचायत रामगढ़ के ग्रामीण जगमोहन सिंह का नौ बकरी कुंवर सिंह का चार बकरी मानमती सिंह दो व राजपति सिंह का दो बकरी का शिकार गांव के किनारे जंगल में चर रहे थे। इसी दौरान जंगली जानवर आया और बकरियों को मार गिराया।

**पैर के निशान से पुष्टि का किया जा रहा प्रयास**

इस संबंध में वनपरिक्षेत्रा अधिकारी मेवालाल पटेल से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत रामगढ़ में 4 ग्रामीणों की बकरियों को किसी अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। टीम रामगढ़ गई हुई है जंगली जानवर पैर का निशान लेकर पुष्टि करने का प्रयास किया जा रहा है

अभी तक जानवर की पुष्टि नहीं हो पाई है यहां से गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का जंगल लगा हुआ है अक्सर बाघ तेंदुवा जैसे जानवर विचरण करते रहते हैं।

# जिले में बढ़ते अपराधिक मामलों पर कड़ी कार्यवाही की मांग

## कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौप पुलिस कर्मी के परिजनों की हत्या, पुलिस कमी %पर गर्म तेल फेंकने की घटना तथा जिले में बढ़ते अपराधिक मामलों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिला मुख्यालय में पुलिस कर्मी के परिजनों की हत्या, पुलिस कमी %पर गर्म तेल फेंकने की घटना, रामानुजनगर में बलात्कार की घटना सहित सम्पूर्ण जिले में बढ़ते अपराधिक मामलों पर कड़ी कार्यवाही करना अत्यंत आवश्यक है। बढ़ती घटनाओं से जहां आम जन मे असुरक्षा की भावना बढ़ रही हैं वही पुलिस प्रशासन के विरूद्ध असंतोष भी पनप रहा है। अपराधिक घटनाओं पर कड़ी कार्यवाही करते हुये तत्काल रोक लगाया जाना तथा आम जन में पुलिस के प्रति घटते विश्वास को कायम रखने के लिये आवश्यक कदम उठाया जाना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी ऐसी घटनाओं की कठोर निंदा करती है तथा पुलिस प्रशासन पर विश्वास व्यक्त करते हुये यह आशा करती है कि आपके नेतृत्व में जिले में शांतिपूर्ण व्यवस्था कायम रहेगी तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहेगा। कांग्रेस ने प्रशासन के साथ सहयोग हेतु तत्पर रहने की बात कही है।

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में खेलसाय सिंह पूर्व सांसद, पारस नाथ राजवाड़े पूर्व विधायक भटगांव, नरेश राजवाडे जिला पंचायत उपाध्यक्ष, भगवती राजवाड़े अध्यक्ष जिला कांग्रेस राम चंद्र यादव, अश्विनी सिंह, अनुपम फिलिप, कुसुमलता राजवाड़े, संजय डोसी, अखिलेश सिंह जाकेश राजवाड़े, दीप्ती स्वांई,राजीव कुमार सिंह, मनोज डालमिया, दीपक कर, विनय यादव, मुख्य रूप से उपस्थित थे।


**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल**

**कटघोरा, जिला: कोरबा ( छ.ग )**

फोन/फैक्स नं. 07815–250157 Email: dfokatghora@gmail.com

## नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा/व्यापारिक बांस/औद्योगिक बांस का नीलाम, दिनांक 18.10.2024 को प्रातः 9.00 बजे से कसनिया काष्ठागार में अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा।

विवरण

| प्रजाति | पिछला नीलाम का शेष वनोपज | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग |
| सागौन | 162.886 | 1774 | 72.142 | 1924 | 235.028 | 3698 |
| साल | 544.587 | 2062 | 220.326 | 826 | 764.913 | 2888 |
| बीजा | 6.433 | 37 | 2.817 | 0 | 9.250 | 37 |
| तिंसा | 0.000 | 12 | 0.488 | 0 | 0.488 | 12 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| खम्हार | 2.716 | 103 | 0.000 | 0 | 2.716 | 103 |
| हल्दू | 1.560 | 0 | 0.000 | 0 | 1.560 | 0 |
| साजा | 6.388 | 124 | 0.949 | 0 | 7.337 | 124 |
| धावड़ा | 0.000 | 0 | 1.673 | 0 | 1.673 | 0 |
| सलिहा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| नीलगिरी | 2.544 | 66 | 3.306 | 0 | 5.850 | 66 |
| शीशु | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| तेंदू | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| अन्य | 85.138 | 418 | 30.236 | 0 | 115.374 | 418 |
| **योग (काष्ठ) :–** | **812.252** | **4596** | **331.937** | **2750** | **1144.189** | **7346** |
| कसनिया काष्ठागार मे रखे गये जलाऊ काष्ठ | | | | | | |
| सागौन जलाऊ | 8 | चट्टा | 0 | चट्टा | 8 | चट्टा |
| सतकठा जलाऊ | 16 | चट्टा | 0 | चट्टा | 16 | चट्टा |
| कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| सलिहा जलाऊ | 5 | चट्टा | 0 | चट्टा | 5 | चट्टा |
| **योग (जलाऊ) :–** | **29** | चट्टा | **0** | चट्टा | **29** | चट्टा |
| निस्तार डिपो पाली | | | | | | |
| सतकठा जलाऊ | 56 | चट्टा | 0 | चट्टा | 56 | चट्टा |
| **योग (जलाऊ) :–** | **56** | चट्टा | **0** | चट्टा | **56** | चट्टा |
| कसनिया काष्ठागार मे रखे गये बांस | | | | | | |
| व्यापारिक बांस | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | 0 | नो.टन | 0 | नो.टन | 0 | नो.टन |
| औद्योगिक बांस (बण्डल) | 300 | बण्डल | 0 | बण्डल | 300 | बण्डल |
| | 2.499 | नो.टन | 0 | नो.टन | 2.499 | नो.टन |
| **योग (बांस) :–** | **2.499** | नो.टन | **0** | नो.टन | **2.499** | नो.टन |

| क्र. | डिपो का नाम | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | | | | योग | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लट्ठा | | बल्ली / डेंगरी | | जलाऊ | लट्ठा | | बल्ली / डेंगरी | | जलाऊ |
| | | | नग | घ.मी | नग | घ.मी | चट्टा | नग | घ.मी | नग | घ.मी | चट्टा |
| 1 | निस्तार डिपो सक्ती | बीजा | 3 | 0.507 | | | | 3 | 0.507 | | | |
| | | साल | 9 | 1.771 | | | | 9 | 1.771 | | | |
| | | अन्य | 324 | 40.661 | 105 | 0.671 | | 324 | 40.661 | 105 | 0.671 | |
| | | सतकठा | | | | | 32 | | | | | 32 |
| 2 | अकलतरा डिपो | सागौन | | | 380 | 3.060 | | | | 380 | 3.060 | |
| | | साल | 58 | 4.327 | 161 | 4.659 | | 58 | 4.327 | 161 | 4.659 | |
| | | साजा | 48 | 3.755 | 14 | 0.484 | | 48 | 3.755 | 14 | 0.484 | |
| | | नीलगिरी | 11 | 0.724 | 13 | 0.315 | | 11 | 0.724 | 13 | 0.315 | |
| | | अन्य | 204 | 23.630 | 19 | 0.606 | | 204 | 23.630 | 19 | 0.606 | |
| | | सतकठा | | | | | 293 | | | | | 293 |
| 3 | बारद्वार | अन्य | 72 | 8.079 | | | | 72 | 8.079 | | | |
| | | सतकठा | | | | | 22 | | | | | 22 |
| 4 | पंतोरा डिपो | सागौन | | | | | | | | | | |
| | | साल | | | | | | | | | | |
| | | अन्य | 25 | 3.490 | | | | 25 | 3.490 | | | |
| | | सतकठा | | | | | 3 | | | | | 3 |
| | योग | | 754 | 86.944 | 692 | 9.795 | 350 | 754 | 86.944 | 692 | 9.795 | 350 |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है, कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में वनमण्डल कार्यालय व काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है। बोली बोलने के पूर्व लाटों का भली भाँति निरीक्षण कर लेवें बाद में मात्राओं आदि के व्यौरे गलत पाये जाने पर मुआवजे या किसी अन्य राहत के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

टीप – 1. केता को ई.एम.डी. के साथ पेन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 एवं जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2. सभी राष्ट्रीयकृत बैंक का मल्टीसिटी चेक अथवा ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जायेंगे। अन्य बैंको के मल्टीसिटी चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

जी–242503160/6

**वनमण्डलाधिकारी**

**कटघोरा वनमण्डल, कटघोरा**


# शांति समिति की बैठक आयोजित कर जिले में शांति व्यवस्था हेतु की गई अपील

## जिला प्रशासन व पुलिस बल ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां संयुक्त जिला कार्यालय के म सभा में आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक रखी गई घटना जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होती है, उस पर विधिवत कार्यवाही करने की बात कही गई। इसके साथ ही उपस्थित जनों से तथा जिले वासियों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों द्वारा थी। जिसमें जिले में शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए समिति के सदस्य व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ परस्पर चर्चा की गई। जिसमें आपसी सहयोग व सामंजस्य से जिले में शांति व्यवस्था को स्थापित करने की बात कही गई । ऐसी कोई भी उनके सुझाव भी दिए गये। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुझाव को नोट करते हुए उन पर अमल करने का आश्वासन भी दिया। इसके साथ ही जिले में शांति व्यवस्था स्थापित रहे इसके लिए जिला प्रशासन व पुलिस बल ने शहर में फ्लैग मार्च भी निकाला।

# जिले के कई केंद्र पर्यटक स्थल के रूप में होंगे विकसित

## जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड पर्यटन नीति 2020'' के अंतर्गत जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला स्तरीय पर्यटन समिति के सदस्यों से जिला अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास सम्बन्धी कार्यों की प्रगति एवं संभावनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में राज्य स्तर पर सम्मिलित किए जाने वाले पर्यटक धार्मिक स्थल खोपा धाम, राष्ट्रपति भवन पण्डो नगर व रामेश्वर नगर पर्यटन स्थल एवं अन्य विभिन्न पर्यटन स्थल कुदरगढ़ देवी मंदिर केनापारा पर्यटन स्थल, बाबा जलेश्वर नाथ धाम शिवपुर, सारासोर, तमोर पिंगला अभयारण्य, कुमेली फॉल, बाक, कर्क रेखा सत्तीपारा, छठ घाट इत्यादि में सुविधाओं के विस्तार के अलावा जिले में जल पर्यटन विकास पर भी चर्चा की गई।विभिन्न पर्यटन स्थलों में अतिथियों के ठहरने के लिए रिसॉर्ट , होटल, होमस्टे एवं धर्मशाला के बुनियादी सुविधाओं एवं साफ सफाई के संबंध में, प्रमुख मेला महोत्सव के संबंध में, जिले में प्रचलित एवं विलुप्त हो रहे कला एवं संस्कृति जैसे कथाएं मान्यताएं नृत्य संगीत खान-पान त्यौहार



रहन-सहन पोशाक इत्यादि के दस्तावेजीकरण एवं कोष 'प्रोजेक्ट धरोहर' निर्माण के संबंध में चर्चा की गई, सूरजपुर जिले के चिह्नांकित प्रमुख पर्यटन, धार्मिक स्थलों में सुविधाओं के विकास पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा जिला स्तरीय पर्यटन समिति द्वारा पर्यटन केन्द्रों के संचालन में सामुदायिक भागीदारिता सुनिश्चित करने, पर्यटन केन्द्रों में सूचना पटल स्थापना कार्य, पर्यटन मानचित्र एवं ब्रोशर तैयार करने आदि के संबंध में विचार विमर्श करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया। इस दौरान वर्तमान गतिविधियों एवं कार्यों की अद्यतन प्रगति से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। समिति के द्वारा महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस बैठक में भीमसेन अग्रवाल, सदस्य लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़, विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख, आशीष वर्मा, पर्यटन प्रभारी, प्रभारी क्षेत्रीय सरगुजा संभाग, जनपद सीईओ ओड़गी डॉ. नृपेन्द्र सिंह व लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ समिति के अन्य सदस्य व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** ग्राम सुंगेरा स्थित रामलीला चौक के पास पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजकुमार निषाद 23 वर्ष ग्राम सुंगेरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल दशहरा देखने रामलीला चौक के पास गया था, तभी आरोपी गिरधारी निषाद अपने दो साथियों के साथ आया और पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# चेक वितरण कर एनआरएलएम की दीदी को दिया गया बीमा का लाभ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** प्रतापपुर के ग्राम सिलौटा में आयोजित सीएम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतगर्त निलेश्वरी को बीमा का लाभ प्रदान करते हुए चेक वितरण कर आर्थिक सहायता प्रदान किया गया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत गोविंदपुर में जर्मनिया दीदी शिव आजीविका समूह से जुड़ी हुई थी एवं एनआरएलएम (बिहान) के एफएलसीआरपी द्वारा जर्मनिया दीदी को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक गोविंदपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना कराया गया था। जर्मनिया दीदी की मृत्यु उपरांत उनकी बेटी निलेश्वरी को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2.00 लाख का चेक प्रदान किया गया। जिससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति में बहुत मददगार साबित हुआ।

**सेतु का कार्य करेगा समाधान एप्प**

मुख्यमंत्री के हाथों समाधान सूरजपुर एप्प का शुभारंभ किया गया। जिसे निकट भविष्य में शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। समाधान सूरजपुर, जिला प्रशासन सूरजपुर की एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य उत्तरदायी और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करना है । यह एक व्हाट्सएप-आधारित बॉट प्लेटफ़ॉर्म है, जो जिला प्रशासन को नागरिकों से जोड़ता है और बिना प्रत्यक्ष संपर्क के उनकी समस्याओं को समझने में सहायक होता है। इस प्रणाली के माध्यम से नागरिक व्हाट्सएप पर अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं, बिना किसी सरकारी कार्यालय में शारीरिक रूप से उपस्थित हुए।समाधान सूरजपुर के माध्यम से नागरिक अपने घर से ही शिकायतें, मांगें



या सुझाव दर्ज कर सकते हैं। एक बार शिकायत चाटबॉट के माध्यम से दर्ज हो जाती है, तो वह स्वतः समाधान पोर्टल पर परिलक्षित होती है और संबंधित विभाग को अग्रेषित कर दी जाती है, जहां उसका समाधान किया जाता है।

यह पहल नागरिकों को प्रशासन से जुड़ने का एक सहज और प्रभावी साधन प्रदान करती है, जिससे उनकी शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित हो सके। शिकायतकर्ता व्हाट्सएप बॉट के माध्यम से अपनी शिकायत संख्या का उपयोग करके शिकायत की प्रगति को ट्रैक कर सकता है।

समाधान का मूल्यांकन करें- शिकायतकर्ता समाधान के गुणवत्ता का मूल्यांकन कर सकता है। आवेदन को पुनः खोलें- यदि शिकायतकर्ता समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपने आवेदन को पुनः खोल सकता है और दोबारा समीक्षा के लिए प्रस्तुत कर सकता है।

हर चरण पर व्हाट्सएप संदेश पारदर्शिता के लिए- आवेदन के हस्तांतरण और समाधान के हर चरण पर, पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप संदेश द्वारा सूचित किया जाता है। इस प्रकार, समाधान एक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित प्रणाली है।

सरगुजा फ्रंटलाइन

# चार दिवसीय राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी की हुई शुरुआत

## 18 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रम में 9 जोन के 400 से अधिक प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता 2024-25 की शुभारंभ मंगलवार को सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर डॉ. अजय तिर्की, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों में करताराम गुप्ता, हरमिंदर सिंह टिन्नी, सुधांशु घोष, मंजूषा भगत, अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न जोन से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सरगुजा संजय कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विज्ञान प्रौद्योगिकी के



सहयोग एवं राज्य शैक्षिण अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सौजन्य से चार दिवसीय राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता 2024-25 का चार दिवसीय आयोजन 15 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ, जो 18 अक्टूबर तक चलेगा। इस आयोजन में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी व राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका, प्रश्न मंच, विज्ञान क्लब, विज्ञान संगोष्ठी में अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कवर्धा, कांकेर, रायपुर एवं रायगढ़ जोन के 419 बालक-बालिका प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतिभागियों एवं शिक्षकों के लिए आवासीय व्यवस्था, प्रतियोगिता स्थल में आवागमन, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं की गई है। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि यह कार्यक्रम बाल वैज्ञानिकों के लिए आयोजित हो रहा है। अविष्कारों से ही दुनिया आज इस स्तर पर पहुंची है, हमारे जीवन शैली में जो परिवर्तन हुआ है, यह विज्ञान से ही संभव हो पाया है। उन्होंने प्रतिभागियों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती को प्रतिवर्ष विश्व विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने प्रतिभगियों का



### विभिन्न विषयों पर बनाए गए ज्ञानवर्धक मॉडल

प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल का प्रदर्शन किया। अतिथियों द्वारा मॉडलों का अवलोकन किया गया। भौतिकी, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित, इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान, रसायन विज्ञान पृथ्वी एवं अंतरिक्ष विज्ञान, खाद्य स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, संचार एवं परिवहन, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन से संबंधित विषयों पर अपनी विधा का प्रदर्शन किया गया है। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ज्ञान के महत्व को समझें। महापौर डॉ. अजय तिर्की ने सभी बच्चों को प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी और तथा कहा कि अच्छा प्रदर्शन कर आप राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हों।

पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। अपनी प्रतिभा को मेहनत कर निखारें। सम्भागायुक्त जीआर चुरेन्द्र ने सभी प्रतिभागियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि आप सभी अपने ज्ञान को बढ़ाने का प्रयास करते रहें। उन्होंने आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी तथा उत्तम व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

# सेना नौकरी नहीं बल्कि जुनून के साथ है जज्बे का चयन

### फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवीण भगत ने इंडियन एयर फोर्स में युवाओं को किया आह्वान

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सेना जॉब या नौकरी नहीं है, बल्कि यह जज्बा, उत्साह के साथ समर्पण भरी सेवा है, जिसे जुनून वाला ही चयन करे। यह बातें मंगलवार को श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिशा इंडियन एयर फोर्स के अभियान के तहत आए इंडियन एयर फोर्स के फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रवीण भगत ने कही। उन्होंने कहा कि युवाओं तक पहुंचना हमारा लक्ष्य है। वायु सेना के वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के प्रति उन्होंने अवगत कराया तथा वायु सेना में अवसर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वायु सेना रक्षा, युद्ध, आपदा और सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ब्रिटिश रायल फोर्स से वर्तमान भारतीय वायु सेना के इतिहास तथा युद्धों के बारे में बताया। इस दौरान महाद्यिालय के विद्यार्थियों के बीच संवाद हुआ। भारत-पाकिस्तान युद्ध, बांग्लादेश की आजादी, कारगिल युद्ध, आपरेशन सफेद सागर आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने इंडियन एयर फोर्स के चयन के सभी मापदंडों से अवगत कराते हुए आह्वान किया कि आप देश सेवा के एक बेहतरीन अवसर को चुनें। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि इंडियन एयर फोर्स से जुड़े लोगों से मिलना गर्व की बात है। ये साथी देश सेवा के प्रति समर्पित लोग आपको वर्दी पहनाने आए हैं। उन्होंने जल सेना, थल सेना के साथ ही वायु सेना से भी जुड़ने का आह्वान किया। श्री साई शिरडी शिक्षण समिति के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि सेना से जुड़ना अपने कॅरिअर को लाजवाब रूप देना है। आप जितना आगे बढ़ते जाएंगे प्रतियोगिता और चुनौतियों का दौर उतना ही कठिन होता जाएगा। वर्तमान में रक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ और सरगुजा की भागीदारी अभी कम है, इसे बढ़ाना होगा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय



वायु सेना की सुसज्जित बस में स्लाइड शो दिखाया गया। सेना के शौर्य और पराक्रम को देख कर विद्यार्थी रोमांचित हुए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पॉवर प्वाइंट प्रजेटेंशन के माध्यम से एअर फोर्स के फाइटर जेट, हेलीकाप्टर और मालवाहक को दिखाया गया। विद्यार्थियों के सही जवाब देने पर पुरस्कृत किया गया और इंडियन एअर फोर्स का आकर्षक पोस्टर प्रदान किया गया। फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रणय भगत और फ्लाइट लेफ्टिनेंट श्रेयस को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक पल्लवी द्विवेदी और देवेन्द्र दास सोनवानी ने किया। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. विवेक गुप्ता ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. आरएन शर्मा, शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश शाक्य, फिजीकल साइंस विभाग के अध्यक्ष शैलेष देवांगन, लाइफ साइंस विभाग के अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग के अध्यक्ष राकेश कुमार सेन तथा सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पार्षद के गले से 2.50 लाख का सोने का चैन चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दशहरा के मौके पर शहर के सरगुजा पैलेस घूमने आई बिश्रामपुर की महिला पार्षद के गले से सोने का चैन अज्ञात लोगों ने पार कर दिया। घटना की जानकारी कोतवाली थाना में दी गई है, जिस पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक सूरजपुर जिला के वन-बी कॉलोनी विश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद 12 अक्टूबर को शाम करीब 4.30 बजे सरगुजा पैलेस घूमने अंबिकापुर आई थी। पैलेस के अंदर जाते समय काफी भीड़भाड़ था, जिस कारण वह लाइन में लगी थी। इसी बीच किसी से जोर से धक्का दिया, लेकिन वह कुछ समझ नहीं पाई। कुछ देर बाद महिला गले में हाथ फेरी तो पहना हुआ सोने का चैन गायब था। 4 तोला के सोने की चैन की कीमत दो लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। काफी तलाश के बाद भी चैन का पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# जिला स्तरीय स्वच्छता संवाद में स्वच्छता दीदियां, समूह की महिलाएं हुई शामिल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंतर्राष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जिले के सातों विकासखंड की स्वच्छता दीदी व समूह की महिलाएं, सरपंच सचिव सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार मोनिका सिंह ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता की थीम पर जोर देते हुए कहा कि हम अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को



अपना सकते हैं और अपने समाज को स्वच्छ बना सकते हैं। स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हमें इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। स्वच्छता से न केवल हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि यह हमारे समाज को भी स्वच्छ और सुंदर बनाता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अपील की, वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता का ध्यान रखें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी मिलकर स्वच्छता के लिए काम करें, तो हम अपने जिले को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। इस अवसर पर स्वच्छता दीदी और महिला समूह की महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। अतिथियों ने भी स्वच्छता के महत्व पर बल दिया और लोगों से अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत एपीओ स्वेच्छा सिंह, उप संचालक यशपाल प्रेक्षा, वैज्ञानिक बायो टेक डॉक्टर प्रशांत शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन शहरी नोडल अधिकारी रितेश सैनी, स्वच्छ भारत मिशन जिला समन्वयक रोशन कुमार गुप्ता, उपेन्द्र सिंह पैकरा, अनिल गुप्ता मौजूद थे।

# युवाओं ने जाना क्या है एटीएम फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत पीजी कॉलेज मे युवाओं को साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। इन्हें एटीएम फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट सहित साइबर हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया। 05 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक आयोजित 15 दिवसीय विशेष साइबर जागरूकता अभियान के तहत सरगुजा पुलिस एवं साइबर वॉलंटियर्स द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग जगह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर आम नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साइबर अपराध से बचाव के तरीके एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जा रही है। इसी क्रम के साइबर वालेंटियर द्वारा पीजी कॉलेज के ग्राउंड में पहुंचकर युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। डिजिटल दौर में सुरक्षित रहने के तरीके सिखाए और उन्हें साइबर अपराधों से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग की जानकारी दी। छात्रों को ओटीपी साझा न करने, फिशिंग ईमेल से सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने कहा



गया। साइबर वॉलंटियर श्रुति तिवारी, अतुल गुप्ता और विक्की गुप्ता ने साइबर अपराध संबंधी बनी युवाओं की उत्सुकता का संतोषप्रद जवाब देकर उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। महिलाओं की सुरक्षा में उपयोगी अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी।

## कीटनाशक के सेवन से महिला की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम टपरकेला की रतीला टोप्पो पति जीवन टोप्पो 55 वर्ष, 14 अक्टूबर को अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर ली। स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराए थे, यहां इलाज के दौरान शाम 6.30 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## सामान्य प्रशासन समिति एवं समान्य सभा की बैठक 18 को

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जनपद पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि 18 अक्टूबर 2024 को जनपद पंचायत अंबिकापुर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक प्रातः 11.30 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 01.30 बजे से जनपद पंचायत अंबिकापुर के सभाकक्ष में आयोजित होगी। उन्होंने सर्व संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# आवराझरिया घाट के समीप क्लिंकर लोड ट्रेलर पलटी, चालक को मामूली चोट आई

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के आवराझरिया घाट के पास एक कलिंकर लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें चालक को मामूली चोटें आई हैं। ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एयू 6800 का चालक रायपुर से क्लिंकर लोड करके औरंगाबाद जा रहा था। आवराझरिया घाट से नीचे उतरते समय अचानक सड़क पर बने गड्ढे में चक्का गया, जिससे नियंत्रण खोने की स्थिति बनी और ट्रेलर सड़क के



किनारे पलट गई। हादसे की जानकारी मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग की टीम के अमित कुमार मिंज और कुमार सानू मौके पर पहुंचे। ट्रेलर चालक इरफान सिद्दीकी 35 वर्ष को मामूली चोटें आईं हैं। बता दें कि यहां आए दिन वाहन चालक जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। सड़क की खराब स्थिति और गड्ढों के कारण बड़े और छोटे वाहनों के लिए सड़क जानलेवा साबित हो रही है।

# भाजपा मंडल महामंत्री के हाथों छात्राओं को साइकिल वितरण

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** शासकीय हाईस्कूल बुंदिया में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 21 छात्राओं को भाजपा मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता के हाथों साइकिल का वितरण किया गया। छात्राओं ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया। रमेश गुप्ता ने अपने संबोधन में छात्राओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें बेहतर शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मण पैकरा,



अमिन सिंह, भोला गुप्ता, सुखलाल राजवाड़े, रामनरेश, करमू पैकरा, रामशुभग, बुधराम, प्राचार्य नबोर टोप्पो, सुरूचि गुप्ता, जन शिक्षक ताराचंद गुप्ता, नसरीन बानो, ज्योति खलखो, मधु राठौर, रंजीत सिंह, अनिता नेटी सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नगर में भव्य पथ संचलन 20 को



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना के 99 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इसके निमित्त नगर की सभी बस्तियों में संचलन एवं शस्त्र पूजन के कार्यक्रम संपन्न हुए, जिसमें 10 स्थानों पर लगभग 400 से अधिक स्वंसेवकों ने भाग लिया। आरएसएस अंबिकापुर के नगर कार्यवाह अनुज दुबे ने बताया कि आगामी 20 अक्टूबर को कला केंद्र मैदान में शाम 4 बजे नगर का सामूहिक संचलन तय किया गया है, जिसमें नगर के प्रत्येक मोहल्ले के स्वंसेवक शामिल होंगे।

## सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में सात दिवसीय एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान शुरू



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में 15 से 21 अक्टूबर तक एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो रानी रजक एवं रेड रिबन क्लब नोडल अधिकारी प्रीति साहू के नेतृत्व में हुआ। इसके बाद रासेयो के स्वयंसेवक ग्राम सरगवां में घर-घर जाकर एड्स के संबंध में जानकारी दिए, साथ ही एचआईवी से बचाव का तरीका प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस के बारे में बताया। एचआईवी के संक्रमण या संचरण के जोखिम को कम कैसे करें, इसकी जानकारी दी। एड्स से बचने के लिए संतुलित आहार पर बल दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य सहित रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, रेड रिबन क्लब की नोडल के अलावा गोल्डन सिंह की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

# संभागीय संयुक्त संचालक ने अनुपस्थित कर्मचारियों को अवैतनिक करने दिए निर्देश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का एक दिन का अवैतनिक करने के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रम के फ्लेक्स व बैनर तैयार कर लगवाने कहा, ताकि आमजनों को इसकी जानकारी मिले। उन्होंने संस्था में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिए एवं समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी ली।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर